सुविचार
शिक्षा पद्धति किसी भी देश का भविष्य तय करती है।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Taapsee Pannu Flaunts Her Hot Curves in...

Ranchi ● Sunday, 07 April 2024 ● Year : 02 ● Issue : 79 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

मिशन 2024 : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर कर रहीं तीखे हमले

मुस्लिम लीग व वामपंथी कांग्रेस पर हावी : मोदी

मोदी लोकतांत्रिक मर्यादाओं का कर रहे चीरहरण : सोनिया गांधी

यूपी के सहारनपुर की चुनावी सभा में भाग लेते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

AGENCY SAHARANPUR : शनिवार को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। कहा कि शक्ति उपासना हमारी स्वाभाविक आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है, मगर 'इंडी' एलायंस के लोग खुलेआम चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। उन्हें शायद नहीं पता कि जिन लोगों ने शक्ति को नष्ट करने प्रयास किया है, उनका क्या हाल हुआ है वो इतिहास और पुराणों में अंकित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी हो चुके हैं। भारत की आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस दशकों पहले ही खत्म हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने सहारनपुर से बीजेपी उम्मीदवार राघव लखन पाल और कैराना से उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के लिए जनता से रिकॉर्डतोड़ वोटों से जीत दिलाने की अपील की।

भाजपा राजनीति नहीं राष्ट्रनीति पर चलती है : मोदी ने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम दशकों में ही भाजपा के साथ रिकॉर्ड संख्या में देशवासी जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा राजनीति नहीं राष्ट्रनीति पर चलती है। हमारे लिए देश और देशहित से बड़ा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण हमारे लिए चुनावी घोषणा नहीं बल्कि मिशन है। जबकि, कांग्रेस जितने साल सत्ता में रही उसने कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। इंडी एलांएंस कमीशन के लिए है और एनडीए व मोदी सरकार मिशन के लिए है।

- भारत की आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस दशकों पहले ही खत्म हो चुकी
- हमने खत्म किया तीन तलाक, सदियों तक मुस्लिम बेटियां देंगी आशीर्वाद
- दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म को फिर से रिलीज कर रहा 'इंडी' गठबंधन
- गरीब कल्याण हमारे लिए चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि मिशन

जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही खिलने वाला : पीएम

PUSHKAR : राजस्थान के अजमेर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शनिवार को नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग समझ लें, जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही खिलने वाला है। कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए रैली नहीं कर रही है, भ्रष्टाचारी को बचाने के लिए कर रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के नामदार इस कामदार को गाली देते हैं। गाली देना वे अपना अधिकार मानते हैं। ये कामदार ऐसा है कि हर गाली को पचा जाता है। मोदी ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह तभी होगा, जब देश की आधी आबादी की भागीदारी का विस्तार होगा। माताओं, बहनों और बेटियों का सुख, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मोदी की गारंटी है।

गाजियाबाद में पीएम मोदी के रोड शो में उमड़ी भीड़

LUKHNOW : पीएम नरेंद्र मोदी का गाजियाबाद में रोड शो के दौरान स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। तय समय पर शाम 5.30 बजे पीएम मोदी ने गाजियाबाद में मालीवाड़ा से विशेष खुले वाहन में रोड शो किया। पीएम मोदी के साथी सीएम योगी आदित्यनाथ व गाजियाबाद से सांसद प्रत्याशी अतुल गर्ग भी थे। पीएम मोदी के रोड शो में मुस्लिम समुदाय भी दिखा। हाथों में कार्ड लिए मुस्लिम समुदाय के लोग रोड शो के रास्ते में खड़े थे। जगह-जगह रंगबिरंगी साड़ियों और सिर पर भगवा साफा बांधे महिलाएं नाच रही थीं। कार्यकर्ताओं की भीड़ पूरे रास्ते में जुटी हुई थी। लोग बीजेपी के झंडे लिए हुए मोदी-मोदी नारेबाजी कर रहे थे। गौरतलब है कि गाजियाबाद से इस बार बीजेपी ने लोकसभा सीट से अतुल गर्ग को प्रत्याशी बनाया है। इसके पहले 2014 और 2019 में वीके सिंह यहां से सांसद चुने गए थे।

AGENCY JAIPUR : शनिवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान की राजधानी जयपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोपों का जवाब तीखे अंदाज में दिया। कहा कि देश से ऊपर कोई नहीं होता, लेकिन मोदी खुद को महान मानते हैं। वे लोकतांत्रिक मयादाओं का चीरहरण कर रहे हैं, पूरे तंत्र में डर बैठा रहे, यह तानाशाही है। ये देश चंद लोगों की जागीर नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसे खून से सींचा है। ये देश हमारे बच्चों का आंगन है। चारों ओर अंधकार का अन्याय बढ़ा है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगे। हमारा देश पिछले 10 सालों से ऐसी सरकार के हाथ में जिसने बेरोजगारी, आर्थिक संकट को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोदी सरकार ने जो-जो किया है वो हमारे सामने है। इसलिए यह समय हताशा से भरा हुआ है, लेकिन जान लीजिए हताशा के साथ उम्मीद का भी जन्म होता है। मुझे पूरा यकीन है कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को सीने की आग से जलाएंगे और हजारों की आंधियों से संभाल आगे बढ़ेंगे। इससे पहले जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में हो रही इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित पार्टी की टॉप लीडरशिप ने फिर से चुनावी घोषणा पत्र लांच किया। घोषणा पत्र की लांचिंग के बाद कांग्रेस के नेताओं ने मोदी पर जमकर निशाना साधा।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में घोषणा पत्र को लांच करते मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी व अन्य।

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित पार्टी की टॉप लीडरशिप ने फिर से चुनावी घोषणा पत्र लांच किया
- चंद लोगों की जागीर नहीं है हमारा भारत : सोनिया
- मोदी इस बार नया सॉन्ग और ड्रामा लाए हैं : खड़गे
- ये आपके बच्चों को खड़ा नहीं होने देंगे : प्रियंका गांधी
- कांग्रेस को गालियां देना, गांधी परिवार को कोसना मोदी का काम

खोखले संसार में रह रहे मोदी व भाजपा के अन्य नेता : प्रियंका

भाजपा के नेता और मोदी जी खोखले संसार में रह रहे हैं। गाजे बाजे में, शोहरत में, आपको केवल अच्छा-अच्छा दिखता है, बड़ी-बड़ी इवेंटबाजी दिखती है। ये सब सच्चाई छिपाने के लिए हैं। सीएम जेल में हैं। कहते हैं- भ्रष्टाचार पर वार है, लेकिन सब भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर रहे हैं। सारी पार्टियों को भ्रष्टाचारियों को न्योता देकर अपने साथ ले रहे हैं और उन पर कोई सवाल नहीं उठाता। हम न्याय की गारंटी दे रहे हैं, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। हमारे पूर्वजों ने लोकतंत्र को बचाया है, नेताओं ने जान दी। इस चुनाव को आप अपने मुद्दों पर लड़वाएं, जो आपका अनुभव है वो ही सत्य है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि असलियत को पहचानने का समय आ गया है।

मोदी हमेशा लोगों को करते हैं भ्रमित : मल्लिकार्जुन

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी जहां जाते हैं वहां नया झूठ बोलते हैं। उन्होंने जो गारंटियां दी वे अब तक पूरी नहीं हुई हैं। वे केवल गांधी परिवार को गालियां देने का काम करते हैं। मोदी हमेशा लोगों को भ्रमित करते हैं। आपने देश के लिए कुछ नहीं किया, फिर भी कहते रहते हैं कांग्रेस वाले कुछ नहीं किया, 70 सालों में कुछ नहीं किया। हम तो 55 साल का हिसाब दे रहे हैं। राजस्थान-जयपुर में या उसका हिसाब दे रहे हैं। आप दो न हिसाब, तुमने क्या किया। तुम में बोलने की ताकत नहीं है। बात उठी तो कांग्रेस को गालियां देना, बात करें तो गांधी परिवार को गालियां देना। राजस्थान में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए खड़गे बोले- एयरपोर्ट, आईआईटी और एम्स कांग्रेस लाई और मोदी जी कहते हैं देश का विकास हो रहा है। मैं देश के विकास के लिए काम कर रहा हूं। इस बार नया सॉन्ग और ड्रामा लाए हैं।

SHARE
सेंसेक्स	:	74,248.22
निफ्टी	:	22,513.70

SARAFA
सोना	:	6,695
चांदी	:	87.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)



इफ्तार (शनिवार) : 06.11
सेहरी (रविवार) : 04.20

BRIEF NEWS

मध्य प्रदेश की तीन सीटों पर कांग्रेस ने उतारे उम्मीदवार

BHOPAL : लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने मध्यप्रदेश की शेष बची तीन संसदीय सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने ग्वालियर से पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, खंडवा से नरेन्द्र पटेल और मुरैना से पूर्व विधायक सत्यपाल सिकरवार को प्रत्याशी बनाया है। इन उम्मीदवारों की घोषणा के साथ प्रदेश की सभी 29 संसदीय सीटों पर प्रत्याशियों के लिहाज से स्थिति साफ हो चुकी है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने इससे पूर्व तीन सूचियां जारी की थी।

बीजापुर में मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

BIJAPUR : जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर डोलीगुट्टा के पहाड़ी-जंगल में शनिवार सुबह नक्सलियों के साथ सुरक्षा बल जवानों की मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। जवानों ने मौके से एलएमजी और एके-47 सहित कई हथियार बरामद किए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। मुठभेड़ के बाद आसपास सघन सर्चिंग जारी है, जवानों के लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिलेगी।

कल्पना सोरेन ने संभाली 21 अप्रैल की महारैली की कमान

हेमंत ने बेहतर झारखंड का सपना देखा था लेकिन विरोधियों ने भेज दिया जेल : कल्पना

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में होने वाली महारैली की कमान संभाल ली है। 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में होने वाली महारैली से पहले कल्पना मुर्मू सोरेन ने हरमू स्थित झामुमो के कार्यालय में पार्टी के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। कार्यकताओं के विचार भी जाने। जिलाध्यक्षों की बैठक के बाद कल्पना मुर्मू सोरेन ने झामुमो के सैकड़ों कार्यकताओं से भी सीधा संवाद किया। कल्पना सोरेन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड को बेहतर झारखंड बनाने का सपना देखा था। उनको गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया और उनके सपने को बाधित किया गया। झारखंड में संवैधानिक पद पर बैठे हेमंत जी को गिरफ्तार किया गया, तो दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके विरोध में सभी एकजुट हों और इंडिया को मजबूती दें।

उलगुलान महारैली में जुटेंगे कई नेता

उलगुलान महारैली आगामी 21 अप्रैल को राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में होगी। शुक्रवार को सीएम आवास में हुई झामुमो विधायक दल की बैठक में इस पर फैसला लिया गया है। जानकारी के मुताबिक मुंबई और दिल्ली में हुए इंडिया ब्लॉक की महारैली की तर्ज पर केंद्र सरकार के खिलाफ महारैली आयोजित की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस महारैली में देश भर के इंडिया ब्लॉक के बड़े नेताओं को शामिल होने का न्योता दिया जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से संवाद के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए उलगुलान महारैली की जानकारी दी। वहीं कार्यकताओं के उत्साह देखते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के उत्साह देख कर वह भी उत्साहित हैं।

पत्रकारों से बातचीत करतीं कल्पना सोरेन।

झारखंड के साथ केंद्र का सौतेला व्यवहार

संवाद कार्यक्रम के बाद कल्पना सोरेन ने कहा कि हमने कार्यकताओं से उलगुलान रैली को लेकर बात की। हमने उनसे रैली में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया। कहा कि हमारे हेमंत सोरेन का राज्य को लेकर जो सपना रहा था, उसे बीच में बाधित किया गया। उसे हम उलगुलान रैली के माध्यम से पूरे राज्य सहित देश को बताएंगे कि केंद्र सरकार किस तरीके से झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। संवैधानिक पद पर बैठे दो सीएम जेल में डाला। ऐसे में यह महज रैली नहीं बल्कि उलगुलान है। इसे कैसे सफल बनाया जाए, इसपर बात की।

बिहार-झारखंड समेत 12 राज्यों में हीट वेव

NEW DELHI : देश के 12 राज्यों में हीट वेव यानी लू का असर शुरू हो चुका है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में यहां गर्मी और बढ़ेगी। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, केरल और सिक्किम में बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में बर्फबारी का अनुमान जताया गया है। इसके अलावा मध्य प्रदेश के 33 जिलों में ओले के साथ बारिश की संभावना बन रही है। इस दौरान 30 से 50 किलोमीटर प्रति-घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने बिहार के 24 जिलों में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। यहां स्कूलों की टाइमिंग बदलने या फिर समय से पहले छुट्टी देने का निर्देश दिए गए हैं। स्काइमेट की रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य प्रदेश पर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन तैयार होता दिख रहा है।

हॉर्स ट्रेडिंग मामले में क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार

डीजी अनुराग और अजय पर अब नहीं चलेगा केस

CRIME REPORTER RANCHI : राज्यसभा चुनाव-2016 हॉर्स ट्रेडिंग मामले में डीजी अनुराग गुप्ता और रघुवर दास के प्रेस सलाहकार रहे अजय कुमार पर अब केस नहीं चलेगा। जगन्नाथपुर थाने में दर्ज मामले में दायर क्लोजर रिपोर्ट पर एसीबी की अदालत में शिकायतकर्ता गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर ने शनिवार को अपना पक्ष रखा। उन्होंने पुलिस के अनुसंधान को सही बताया। साथ ही जगन्नाथपुर पुलिस द्वारा दायर क्लोजर रिपोर्ट पर आपत्ति नहीं जतायी। इसके बाद एसीबी की विशेष अदालत ने पुलिस के क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। इस मामले की जांच कर रहे आईओ ने जनवरी 2024 में क्लोजर रिपोर्ट दायर कर इस केस को बंद करने का आग्रह कोर्ट से किया था। इसको लेकर अदालत ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया था और अपना पक्ष रखने को कहा था।

डीजी अनुराग गुप्ता

- क्लोजर रिपोर्ट दायर कर कोर्ट से किया था केस को बंद करने का आग्रह
- अनुराग गुप्ता को विभागीय जांच में मिली थी क्लीन चिट
- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दर्ज हुई थी प्राथमिकी

एनआईए ने ही महिलाओं पर किया हमला : ममता

शुक्रवार रात एजेंसी पर हुआ था अटैक

AGENCY KOLKATA : पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर ईस्ट के भूपतिनगर में शुक्रवार 5 अप्रैल की रात एनआईए की टीम पर हमला हुआ था। इस दौरान एक अफसर को चोटें भी आई हैं। भूपतिनगर में एनआईए टीम के सामने लोग लाठी-डंडे लेकर अड़ गए। एनआईए की टीम ने जब आरोपियों को ले जाने की कोशिश की, तो लोगों ने उनका विरोध किया। लोगों ने एनआईए की गाड़ी पर पथराव किया। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि एनआईए के अफसरों पर हमला नहीं हुआ है, बल्कि उन्होंने ही महिलाओं पर

हमला किया। एनआईए अफसरों ने रात में रेड क्यों की? क्या उनके पास पुलिस की परमिशन थी? लोगों ने वैसे ही बर्ताव किया, जैसा रात में किसी भी अनजान व्यक्ति के आने पर किया जाता। दक्षिण दिनाजपुर में ममता ने कहा कि एनआईए इलेक्शन से पहले लोगों को गिरफ्तार क्यों कर रही है? क्या भाजपा को लगता है कि वे हर बूथ एजेंट को गिरफ्तार कर लेंगे।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर 1.25 लाख का जुर्माना

RANCHI : याचिका में बिना त्रुटि दूर किए हाई कोर्ट में इस मामले को सुनवाई के लिए मेंशन करना केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भारी पड़ गया। कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा 11 अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गई है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया, बाद में मामले की सुनवाई भी हाई कोर्ट में हुई थी। कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लेते हुए अर्जुन मुंडा पर 1.25 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने जुमार्ना की इस राशि को एडवोकेट क्लर्क एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट के पास जमा करने का निर्देश दिया है।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा- केंद्र सरकार के अधिकार में हस्तक्षेप

झारखंड वित्त विधेयक को चौथी बार लौटाया

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा द्वारा भेजे गये झारखंड वित्त विधेयक को एक बार फिर आपत्ति के साथ लौटा दिया है। राज्यपाल ने चौथी बार विधेयक वापस किया है। इस बार राज्यपाल ने कहा है कि वित्त विधेयक में जिस तरह के संशोधन व प्रावधान रखे गये है। यह पूरी तरह से केंद्र सरकार के अधिकार में हस्तक्षेप है। राज्य सरकार व विधानसभा ने जो प्रावधान व संशोधन किये हैं, यह उनके अधिकार क्षेत्र का नहीं है। प्रावधान रखने या संशोधन करने का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार को है। राज्यपाल ने मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर आपत्ति जतायी है।

- राज्यपाल ने तीन बिंदुओं पर आपत्ति जताई

गवर्नर ने अटॉर्नी जनरल से भी ली थी राय

विधेयक लौटाने से पूर्व राज्यपाल ने अटॉर्नी जनरल से राय भी ली थी। राज्यपाल ने विधेयक की धारा (26) में दिये गये प्रावधान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कस्टम बांड केंद्रीय सूची में शामिल है। इसमें किसी तरह का बदलाव करना राज्य सरकार के अधिकार के बाहर है। इसी प्रकार राज्यपाल ने विधेयक की धारा (30) में दिये प्रावधान के बारे में कहा है कि यह देश के अटॉर्नी जनरल और इंडियन बार एक्ट से प्रभावित है। यह मामला अटॉर्नी जनरल, एडवोकेट तथा इंडिया बार काउंसिल से जुड़ा हुआ है। इससे जुड़े किसी भी प्रावधान को राज्य सरकार नहीं बदल सकती है। इसके अलावा राज्यपाल ने विधेयक की धारा (30) पर भी आपत्ति जतायी है। इसमें दिये प्रावधान को उन्होंने खारिज करते हुए कहा है कि यह भी केंद्र सरकार के अधिकार में हस्तक्षेप है। भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 तथा बिहार मनोरंजन ड्यूटी, कोर्ट फीस तथा मुद्रांक अधिनियम 1948 (झारखंड में यथा लागू) में संशोधन के लिए विधेयक तैयार किया गया।

क्या प्रावधान रखे गये हैं : झारखंड विधानसभा द्वारा तैयार झारखंड वित्त विधेयक 2022 में धारा (26) में सीमा शुल्क बंध पत्र जहां पांच हजार रुपये से अधिक नहीं हो, इसके लिए स्टांप शुल्क 100 रुपये रखा गया है। इसी प्रकार पांच हजार रुपये से अधिक लेकिन 10 हजार रुपये से अधिक नहीं होने पर स्टांप शुल्क 200 रुपये रखा गया है। धारा (30) में शुल्क 1000 रुपये निर्धारित हैं। जबकि धारा 50 में नोटरी पब्लिक द्वारा लिखित रूप से की गयी घोषणा के लिए शुल्क 50 रुपये निर्धारित किया गया है।

कला-साहित्य

कविता

डॉ. कल्याणी कबीर

मन और मशीन

उम्र और व्यस्तता के बीच ये जीवन
और इसकी सूक्ष्म दृष्टि
एक पड़ाव पर आकर
कुछ ऐसी हो जाती है कि,
हम महसूस नहीं कर पाते
फूल की सुगंध,
झरने का सौंदर्य
पहाड़ों की श्रृंखला
और हरित दूब का कोमल स्पर्श।
ये भोर, दुपहरी और सांझ
बस एक समय चक्र की तरह
गुजरते रहते हैं आंखों के सामने
बेस्वाद अहसास बनकर,
भूगोल के किसी पाठ की तरह।

बोध होता है तो बस इतना कि
ये सब अंग हैं विशाल सृष्टि के,
विराट प्रकृति के,

मन का मशीन हो जाना
इसे ही कहते हैं शायद .....

अरुण सज्जन

विपत्ति जब भी आती है

विपत्ति जब भी आती है
बुजदिल को दहलाती है।
योद्धा कभी न डरते हैं,
राह नई नित गढ़ते हैं।

साहस राह दिखाता है
विश्वास दीप जलाता है
नूतन पथ गढ़ देता है।
कांटों पर चल देता है।

लक्ष्य दूर का रखता है
तूफां से ना हिलता है,
मंजिल मिलती है उनको
विजयी रुप दिखता सबको।

नीति नीयत अच्छी जिनकी
कृपादृष्टि उनपर होती,
जिनका कर्म है अविराम
फिर सफलता है अभिराम।

राह कभी ना रुकना तुम
बाधा से ना डरना तुम,
रूकना, मरना एक सखे
चलता है वह, नेक दिखे।

जग तो बोला करता है
नित दिन तोला करता है,
उन बातों का मतलब क्या?
तेरा फिर है करतब क्या?

सबका सुनना, कर अपना
बाधा से ना तू डरना,
अंदर तेरे रसच' रसना!
वह जो कहता सो करना !

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

हिमालय के हृदय में बसा खूबसूरत 'चौकोरी'

घुमक्कड़ की पाती चौकोरी के बारे में बहुत से कम लोग जानते हैं। लेकिन आपको बता दूं हिमालय की अद्भुत पहाड़ियों और वनस्पतियों से घिरी यह जगह कुमाऊं की सबसे बेहतरीन जगहों में आती है और समुद्र तल से ठीकठाक ऊंचाई पर होने के कारण इस जगह से नंदा देवी, नंदा कोट और पंचकुला जैसी खूबसूरत पहाड़ियां दिखाई देती है। चौकोरी में आप खूबसूरत हरे-भरे बागों की सैर करने के साथ चाय के बागान भी देख सकते हैं। कहा जाता है कि इस जगह पर चाय के बागानों की शुरूआत औपनिवेशिक काल के दौरान अंग्रेजों ने की थी। तभी से यहां पर चाय का उत्पादन होता है। चौकोरी में ज्यादातर लोग शांति और सकून के साथ समय व्यतीत करने के लिए आते हैं और यहां सूर्योदय का दृश्य देखने लायक होता है।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

अपनी दिन-प्रतिदिन की व्यस्त जिन्दगी से दूर घूमने जाने के लिए यदि किसी ऐसी जगह की तलाश हो जो शांत और खूबसूरत हो, जहां से हिमालय की बहुत सारी ऊंची चोटियां दिखाई देती हो तो चौकोरी हिल स्टेशन आपके लिए एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। पिथौरागढ़ जिले में स्थित चौकोरी उन गिनी चुनी जगहों में आती है जिसे अपने सुखद वातावरण, शांति और प्राकृतिक सुन्दरता के लिए जाना जाता है। यह एक ऐसी जगह है जो अपने यहां आने वाले पर्यटकों के मन और दिल को तरोताजा कर देती है। इस जगह पर आकर तरह तरह के पर्यटन स्थलों को देखने के साथ साथ पंचचूली की चोटियों के निर्बाध दृश्यों को देखा जा सकता है। खूबसूरत चाय के बागानों की यात्रा किया जा सकता है। हरे-भरे घास के मैदानों में घुमा जा सकता है। साथ ही ट्रेकिंग, कैम्पिंग और सोलो ट्रैवलिंग जैसी गतिविधियों के लिए भी यह एक परिपूर्ण जगह है। यह बात मुझे इस जगह पर पहुंचने के बाद पता चली। मैंने इस जगह पर खूब एंजोय किया और यह छोटी सी यात्रा मेरी सबसे यादगार यात्रा बन गई।

चौकोरी के बारे में बहुत से कम लोग जानते हैं। लेकिन आपको बता दूं हिमालय की अद्भुत पहाड़ियों और वनस्पतियों से घिरी यह जगह कुमाऊं की सबसे बेहतरीन जगहों में आती है और समुद्र तल से ठीकठाक ऊंचाई पर होने के कारण इस जगह से नंदा देवी, नंदा कोट और पंचकुला जैसी खूबसूरत पहाड़ियां दिखाई देती है। चौकोरी में आप खूबसूरत हरे-भरे बागों की सैर करने के साथ चाय के बागान भी देख सकते हैं। कहा जाता है कि इस जगह पर चाय के बागानों की शुरूआत औपनिवेशिक काल के दौरान अंग्रेजों ने की थी। तभी से यहां पर चाय का उत्पादन होता है। चौकोरी में ज्यादातर लोग शांति और सकून के साथ समय व्यतीत करने के लिए आते हैं और यहां सूर्योदय का दृश्य देखने लायक होता है। सूर्य की किरणें जब हिमालय की बफीर्ली सफेद पहाड़ियों पर पड़ती हैं तो पूरा पहाड़ सोने के समान चमकने लगता है जिसका नजारा देखते ही बनता है। मैंने इस जगह पर आकर सबसे पहले नंदा देवी, नंदा कोट और पंचकुला की चोटियों को जी भर के देखा। चाय के बागान घुमा और इस जगह की शांति को महसूस किया।

आपको बता दूं कि चौकोरी अपने शांतिपूर्ण वातावरण के साथ साथ अपनी भौगोलिक संरचना के लिए भी जाना जाता है जो इसे एक शानदार टूरिस्ट स्पॉट बनाता है। इस जगह पर आकर आप कई जगहों पर घूम और कई तरह की रोमांचक गतिविधियों को एन्जॉय कर सकते हैं। इस जगह पर नेचर वॉक, फोटोग्राफी और गांव की यात्रा का अच्छा और खुला विकल्प रहता है। मैने इस जगह पर कुछ लोगों को देखा भी जो फोटोग्राफी और विडीओग्राफी कर रहे थे। जैसा की मैंने आपको बताया कि चौकोरी एक हिल स्टेशन है जो हिमालय पहाड़ियों के साथ हरी-भरी वनस्पतियों से घिरा है, इसलिए आप यहां प्रकृति के बीच सैर करने का लुत्फ उठा सकते हैं। यह आपके लिए एक शानदार अनुभव हो सकता है। इस अनुभव को मैंने खुद जिया तो लगा कि यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं है। इस जगह पर सिर्फ. घूमने ही नहीं बल्कि कुछ समय शांति और सकून के साथ बिताने के लिए भी आ सकते हैं। यह एक परफेक्ट फैमिली डेस्टिनेशन है।

पहाड़ पर फोटोग्राफी काम अपना एक अलहदा ही मजा है और जगह चौकोरी जैसी हो तो फिर क्या ही कहना। मैंने भी फोटोग्राफी और विडियोग्राफी में अपना हाथ आजमाया और पाया कि यह फोटोग्राफी के लिहाज से सचमुच एक बेहद ही खूबसूरत जगह है। इस जगह पर मेरी तरह कोई भी नंदा देवी, नंदा कोट, चौखंबा और पंचकुला पहाड़ियां को कैमरे में उतारकर अपने फोटोग्राफी के शौक को भी पूरा कर सकता है। फोटोग्राफी के बाद अब बारी थी गांव देखने की। गांव भ्रमण का सीधा सीधा मतलब होता है लोक और जीवन को जानना। चौकोरी गांव का भ्रमण करके आप कुमाऊंनी कला, संस्कृति और परंपराओं को अच्छी तरह से समझ सकते हैं। अगर पहाड़ी जीवन और संस्कृति को करीब से देखना और महसूस करना चाहते हैं तो यहां के आसपास के ग्रामीण इलाकों में जरूर जाएं। मुझे इस जगह का खानपान और पहनावा बेहद पसंद आया। मैंने कुछ स्थानीय महिलाओं को गीत गाते भी सुना जो काफी मधुर था।

चौकोरी में आप प्राकृतिक स्थलों की सैर के अलावा आसपास के धार्मिक स्थलों के दर्शन जरूर करें। आप यहां कपिलेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। यह मंदिर पिथौरागढ़ के सौर घाटी में स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और 10 मीटर अंधेरी गुफा के अंदर स्थित है। मुझे शुरू में तो बहुत ही रोमांचक लगा इस जगह पर पहुँचना लेकिन गुफा में जैसे ही प्रवेश किया अंधेरों ने मानोकि जकड़ लिया हो। पूरा दिन घूमने के पश्चात थकान भी देह पर हावी होने लगी था। मैंने दर्शन किया और लौटने के बारे में सोच ही रहा था कि एक सज्जन से मुलाकात हो गई। उन्होंने इस जगह के बारे में मुझे काफी कुछ बताया। उन्होंने बताया कि गंगोलीहाट स्थित महाकाली मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। यह मां कालिका का एक प्रसिद्ध मंदिर है जो देवदार के जंगलों के मध्य स्थित है। धार्मिक स्थलों की श्रृंखला में आप यहां नाग मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं।

इन सब के अलावा यहां आसपास के इलाको में और भी प्रसिद्ध मंदिर है जहां के दर्शन आप चौकोरी यात्रा के दौरान कर सकते हैं। पाताल भुवनेश्वरी, अजुर्नेश्वर शिव मंदिर, कलिनाग, बासुकीनाग, फनी नाग, पिंगला नाग, मोस्टमानु मंदिर, हरिनाग मंदिर, घुंसेरा देवी मंदिर, चिनेश्वर जलप्रपात जैसी जगहों पर भी जा सकते हैं। मैंने उनकी बातों में हामी भरी और इस जानकारी के लिए शुक्रिया कहा। उस सज्जन की बताई जगहों पर कुछ और दिनों तक घुमा और फिर दिल्ली अपने घर लौट आया। लेकिन यह यात्रा आज भी मेरी स्मृतियों में है। मेरा मानना है कि इस जगह पर एक ना एक बार हर किसी को जाना चाहिए। इस जगह पर पहुंचने के लिए परिवहन के सभी तरह के साधन मौजूद हैं। यहां का नजदीकी हवाईअड्डा पिथौरागढ़ का नैनी सैनी और देहरादून स्थित जॉली ग्रांट एयरपोर्ट है। रेल मार्ग के लिए आप काठगोदाम रेलवे स्टेशन का सहारा ले सकते हैं। सड़क मार्गों से आना चाहें तो चौकोरी, राज्य के कई बड़े शहरों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है।

मानव सभ्यता की सहचर घरेलू गौरैया

जरूरत है इसे तथाकथित विकास और आधुनिकता से बचाया जाए

कुशाग्र राजेन्द्र
एसोसियट प्रोफेसर, एमेटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम, हरियाणा

अभी हाल ही में विश्व समुदाय ने गौरैया को समर्पित एक पूरा दिन बिताया, ताकि चहचहाने वाली मानव संगी नन्ही जान को संरक्षित किया जा सके, ताकि उसकी चहचहाट हमेशा हमारे आस-पास बनी रहे। पिछले दशक में गोरैया की घटती संख्या ने आमजन का ध्यान आकर्षित किया और साल 2010 से हर साल 20 मार्च को गौरैया दिवस मनाया जाने लगा। गौरैया शुरू से ही मानव सभ्यता के इर्द-गिर्द रची-बसी चिड़िया है, तभी तो मानव के विस्तार के साथ ही यह सबसे ज्यादा संख्या में पायी जाने वाली पक्षियों में एक है, जो अंटार्कटिका,के सिवा हर महाद्वीप में पायी जाती है। भारतीय संस्कृति में गौरैया को शुभ, साहस और खुले सोच का प्रतीक माना गया है। ताउम्र पक्षियों के संरक्षण के लिए काम करने वाले सालीम अली ने अपनी जीवनी ह्यएक गौरैया का गिरनाह्न नाम से ही लिखा। गौरैया को बिहार और दिल्ली में राजकीय पक्षी का दर्जा प्राप्त है, हालांकि दिल्ली में राजकीय पक्षी का दर्जा पिछले दशक गौरैया की संख्या में लगातार हो रही गिरावट के मद्देनजर जागरूकता बढाने के उद्देश्य से दिया गया।

अक्सर गौरैया को मानव बस्तियों के आस-पास ही फलते-फूलते देखा जाता है, चाहे वह शहरी क्षेत्र हो, जंगल हो, या ग्रामीण बस्तियां। इतनी ज्यादा तादाद और लगभग पृथ्वी के हर कोने में पायी जाने वाली गोरैया की कहानी भी मानव विकास के जैसी ही काफी रोचक है। गौरैया के विकास के बारे में हाल तक जानकारी ही नहीं थी, शायद यह इतनी आम चिड़िया है कि किसी का इस पर ध्यान ही नहीं गया। मूल रूप से गौरैया मध्य-पूर्व की पंछी है, जहां से यह मानव बस्तियों के फैलाव के साथ-साथ पूरे एशिया और यूरोप में फैलती चली गयी। उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य में यूरोपियन औपनिवेशिक प्रसार के साथ अमेरिका (साल 1852 में), ऑस्ट्रेलिया (साल 1963 में) और विषुवतीय द्वीपों (साल 1859 न्यूजीलैंड में) में गोरैया को आबाद किया गया। एक तरह से कहे तो गौरैया का वैश्विक प्रसार ब्रिटेन के फैले उपनिवेश के मानचित्र सरीखा ही है।

घरेलू गौरैया स्पष्ट रूप से मानव आधारित पारिस्थितिकी में ही रहती है। ऐसा भी देखा गया है कि गोरैया छोड़ दी गई बस्तियों में स्थानीय रूप से विलुप्त हो जाती है। वहीं, घरेलू गौरैया की एक संबंधी प्रवासी बैक्ट्रियानस गौरैया है। इसका बाह्य रूप-रंग घरेलू गौरैया की तरह ही है, लेकिन वह पूर्णतया जंगली है, जो मानव संपर्क से दूर नदी किनारे, घास के मैदानों और झाड़ियों में पायी जाती है। एक तरफ मुख्य रूप से घरेलू गौरैया जो फसलों के बड़े-बड़े अनाज खाती है, तो दूसरी तरफ बैक्ट्रियानस गौरैया जंगली घास के छोटे-छोटे बीज खाती हैं। गौरैया के विकास को समझने के लिए रॉयल सोसाइटी ऑफ लंदन में छपे एक शोध के मुताबिक घरेलू और बैक्ट्रियानस गौरैया में असामान्य रूप से सिर और चोंच के आकार में बदलाव के साथ काबोर्हाइड्रेट पचाने वाली जीन का फर्क पाया गया, जिसके आधार पर घरेलू गौरैया और मानव विकास की कड़ी को कृषि के विकास साथ जोड़ कर समझा जा सकता है।

कृषि के विकास के साथ मानव आधारित एक ऐसी पारिस्थितिकी तंत्र का विकास हुआ, जिसमें आसानी से खाने की उपलब्धता से अनेक जानवरों जैसे चूहा, जूं और गौरैया को आश्रय मिलता रहा। ऐसी प्रजातियां संभवतः मानव आवास के आस-पास रहते हुए एक मानव-अवलंबी आश्रित संबंध में समायोजित हो गईं, जो पालतू प्रजातियों से भिन्न होती हैं। बैक्ट्रियानस गौरैया की एक शाखा कृषि विकास के साथ मानव बस्तियों के आस-पास रहने लगी, जहां उन्हें आसानी से जंगली घास के छोटे-छोटे बीज के मुकाबले अनाज के बड़े-बड़े दाने सालो भर मिलने लगे, जिसे खाने और पचाने के लिए जंगली गौरैया में नए तरह का अनुकूलन हुआ, जो कि बैक्ट्रियानस गौरैया से इतर घरेलू गौरैया में पाए गए दो उपरोक्त जीन के रूप में सामने आई। अनाज के मजबूत बीज के आवरण को तोड़ने के लिए घरेलू गौरैया में मजबूत चोंच और मस्तिष्क का विकास हुआ। वही घरेलू गौरैया में काबोर्हाइड्रेट से भरे अनाज के बीज को पचाने के लिए भी क्षमता का ठीक वैसे ही विकास हुआ जैसे मनुष्य और कुत्ते में हुआ, जो घरेलू गौरैया की ही तरह मनुष्य आधारित पारिस्थितिकी में कृषि के विकास के साथ हुए खान-पान में बदलाव के लिए अनुकूलित हुआ।

घरेलू गौरैया के डीएनए और जीवाश्म अध्ययन से स्पष्ट है कि मध्य-पूर्व में कृषि के विकास के साथ ही गौरैया के एक जंगली पूर्वज से घरेलू गौरैया का क्रमिक विकास हुआ। जैसे-जैसे एशिया और यूरोप में कृषि और मानव विस्तार हुए घरेलू गौरैया भी नए-नए क्षेत्रों में बसती चली गयी। इस प्रकार गौरैया शायद पिछले दस हजार सालों से हमारे मानव-संस्कृति और सभ्यता की सहचरी बनी रही। पर पिछले कुछ दशक में घरेलू गौरैया संकट में है और इसकी शुरूआत पिछली सदी के मध्य में चीन से माना जा सकता है। घरेलू गौरैया खान-पान के लिए खेत और घर के अनाज पर निर्भर होती हैं, जिसे अक्सर गौरैया के पारिस्थितिकी में योगदान को दरकिनार कर परजीवी समझ लिया जाता है। माओ शासित चीन के 'ग्रेट लीप फॉरवर्ड' अभियान के तहत 1958 में खाद्य सुरक्षा और फसलों की बबार्दी रोकने के नाम पर चूहा, मक्खी, मच्छर और गौरैया के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया गया, जिसमें गौरैया को अत्यंत खतरनाक जीव के रूप में पेश किया गया। माओ की जीवनी ह्यमाओ ए लाइफ' के मुताबिक, ₹माओ का निष्कर्ष था कि एक गौरैया एक साल में चार किलो तक अनाज खा जाती है, इसलिए चीनी नागरिकों का पेट भरने के लिए गौरैया का मारा जाना बहुत जरूरी है।₹ इस प्रकार जन-सहभागिता से चीन की लगभग सारी गौरैया मार डाली गई, जिसकी परिणति 'ग्रेट चाइनीज फेमीन' (1959-1961) से हुई, जिसमें कम से कम पांच करोड़ लोग भूख से मर गए। जल्दी ही माओ ने भूल सुधार की और सोवियत संघ से ढाई लाख गौरैयों की खेप मंगवाई, ताकि नन्हीं गौरैया टिड्डियों को बड़ा होने से पहले खाकर फसलों को बचाए।

चीन की महान मूर्खता के इतर आज गौरैया मानव रहवास और जीवन-यापन में आ रहे आमूलचूल बदलाव, आधुनिक खेती, प्रकाश, ध्वनि, जल, वायु प्रदूषण और शायद मोबाइल टावर के विकिरण के चौतरफा संकट की शिकार है। हजारों सालों में गौरैया मानव बस्ती के आसपास रहने की इस कदर आदि हो चुकी है कि मानव रिहाइश के इतर गुजारा संभव ही नहीं है। हमेशा से ही गौरैया हमारी दिनचर्या के बेहद करीब, एक आत्मीय उपस्थिति जैसी रही है। बेतरतीब शहरीकरण, अंध-औद्योगीकरण और संचार क्रांति के इस पागल दौर में गौरैया अब बहुत कम ही दिखती है, कराची, लाहौर, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में तो बिल्कुल ना के बराबर। छोटे कस्बों और गांवों में जब कहीं दिखती है तो अपनी चहचहाहट से एक प्यारा-सा एक संगीत छोड़ जाती है। गौरैया ने हमारी संस्कृति को समृद्ध किया बदले में हमने उसके जीव विज्ञान और उसके विकास क्रम को ही बदल दिया, ऐसे में जरुरत है कि मानव विकास की सबसे नजदीक की लाभदायक सहचरी रही गौरैया को इस अंधविकास और आधुनिक जीवन शैली की भेंट चढ़ने से बचाया जाए।

BRIEF NEWS

पूर्व जिप सदस्य हकीम अंसारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

RANCHI : कांके प्रखंड के ऊरुगुट्टू स्थित काटमकुली रोड में ऑल फ्लैश इंटरनेशनल स्कुल के चेयरमैन सह पूर्व जीप सदस्य हकीम अंसारी ने शनिवार को विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय और उसमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की समस्या को जाना। मौके पर विद्यालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल्द ही विद्यालय में छत्रावास की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि दूर दराज के छात्र भी छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कम बजट पर अच्छा शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य है ताकि गरीब के बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों के बीच ईद त्यौहार का उपहार दे कर सभी को ईद की बधाई दी।

मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 16 को

RANCHI : अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 16 अप्रैल निर्धारित की है। राजेश कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि राजेश कोड़ा पर आयकर रिटर्न नहीं भरने का आरोप है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की शिकायत के अनुसार राजेश कोड़ा ने वर्ष 2004 से 2010 तक आयकर रिटर्न नहीं भरा है।

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक

RANCHI : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को सभी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी, लोकसभा उम्मीदवार, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, प्रवक्ता की बैठक प्रेस क्लब सभागार में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आने वाले चुनाव में हमारी पहली लड़ाई संविधान बचाने के लिए है, तो दूसरी लड़ाई लोगों के स्वतंत्रता के अधिकार को बचाने के लिए है। लोग इस देश में अपनी मर्जी से कैसे रहे, क्या खाएं, क्या पहने, क्या बोलें इसकी स्वतंत्रता होनी चाहिए। उन्होंने लोकसभा उम्मीदवारों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक संसदीय स्तर पर एक केंद्रीय चुनाव कार्यालय खोलना है, जो 24 घंटे सातों दिन खुला रहेगा। कांग्रेस के मेनिफेस्टो का अनुसरण करना है। राहुल गांधी के जरिये जनता को दिए गए वचन का अनुसरण करना है।

atomy
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

दोहरे मर्डर मामले में पूर्व एमएलए पौलुस सुरीन व नक्सली जेठा कच्छप दोषी करार

घटना 2013 की, अदालत 10 अप्रैल को सजा के बिंदुओं पर करेगी सुनवाई

PHOTON NEWS RANCHI : अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने शनिवार को दो लोगों की हत्या मामले में पूर्व तोरपा विधायक पौलूस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को अदालत ने दोषी करार दिया है। पौलुस सुरीन दो बार झामुमो के विधायक रह चुके हैं।

फैसले के दौरान नक्सली जेठा कच्छप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गोड्डा जेल से कोर्ट के समक्ष उपस्थित था, जबकि पौलूस सुरीन कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। अदालत ने इनकी सजा के बिंदु पर 10 अप्रैल को सुनवाई करेगी। साथ ही अदालत ने मामले की ट्रायल फेस कर रहे तीन महिला और

कृष्णा महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी किया है।

घटना खूंटी के तोरपा में साल 2013 की है। पुलिस मुखबिर के आरोप में भूषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या की गई थी। मामले में पौलूस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप कृष्णा महतो और 3 महिला सहित छह आरोपित ट्रायल फेस कर रहे थे। इसी मामले में पीएफएलआई सुप्रीमो दिनेश गोप भी ट्रायल फेस कर रहे हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किए गए थे। जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया।

रेमडेसिविर दवा के कालाबाजारी मामले में दो आरोपियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

RANCHI : रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी मामले में मुख्य आरोपी राजीव कुमार सिंह और मनीष कुमार सिन्हा की डिस्चार्ज पिटीशन को साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्टेमिक मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत ने शनिवार को खारिज कर दी। इससे पूर्व अदालत ने दोनों की पिटीशन पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में अब दोनों आरोपितों पर आरोप गठन किया जाएगा। इसके लिए अदालत ने 23 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। राजीव कुमार सिंह ने पिछले साल 19 मई को और मनीष सिन्हा ने 30 जून को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। कोरोना काल में कालाबाजारी को लेकर कोतवाली थाना में कांड संख्या 107/21 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कोतवाली पुलिस ने राजीव सिंह को रेमडेसिविर दवा की रांची में कालाबाजारी के आरोप में एक मई 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जहां करीब छह महीने सजा काटने के बाद हाई कोर्ट से दोनों को जमानत मिली थी।

रांची में पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

RANCHI : झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से रांची में पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा सात अप्रैल को आयोजित होगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न एक बजे तक नौ परीक्षा केन्द्रों पर होना है। इनमें विवेकानन्द विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मनन विद्या मंदिर, संत जॉन हाई स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, संत पॉल कॉलेज, संत अलोईस इंटरमिडिएट कॉलेज, संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज और संत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल शामिल है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक के जरिये पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में शामिल छात्र, उनके अभिभावक और असामाजिक तत्व के जरिये परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा की आशंका को देखते हुए एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने धारा-144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गयी है।

जमीन मारो मोर्चा बन चुका है झामुमो : अजय

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी झामुमो पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को चुना था। सोचा था कि वे उनकी और उनकी जमीन की रक्षा करेंगे। पर आज स्थिति यह है कि झामुमो जमीन मारो मोर्चा बन चुका है। आदिवासियों के हितों की रक्षा करने के बजाय यह मोर्चा जमीन लूट में शामिल हो गया। इस मोर्चा के सरदार जमीन लूट के चलते जेल में हैं। वे सहानुभूति बटोरने में लगे हैं। देश का इतिहास बताता है कि सजायाफ्ता नेताओं को फिर सहानुभूति नहीं मिलती।

अजय आलोक ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जमीन लूट के मामले में हेमंत सोरेन के बचपन

मीडिया को जानकारी देते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक। • फोटोन न्यूज

के दोस्त अभिषेक पिंटू ने गवाही दी है। इसके बाद से वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। छिपते फिर रहे हैं। ऐसे में उनकी अपील राज्य सरकार से है कि उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा दे। साढ़े आठ एकड़ जमीन की तरह जानें कितनी जगहों पर हेमंत की जमीन होगी। जब वे बचपन के दोस्त पिंटू तक को नहीं छोड़ रहे तो राज्य को क्या छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड दोनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो आंखें हैं। वे इस राज्य में हो रही गड़बड़ियों, करप्शन से आंखें नहीं मूंद सकते। इस राज्य को अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया। अब भाजपा ही इसे गढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कोई सोच सकता था कि द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनेंगी। इससे पहले दलित समाज से रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति बने। प्रधानमंत्री मोदी राजनीतिक भूकंप लाते रहते हैं कि समाज के सबसे पिछड़े समाज को लीड करने का मौका मिले। भाजपा झामुमो की तरह जमीन मारो मोर्चा नहीं। कांग्रेस का संरक्षण भी इस सरकार को है। कमिशन का पैसा उनके पास भी जाता है।

उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इस चुनाव में जवाब देगी। लोकसभा चुनाव में भी और राज्य की आने वाले विधानसभा चुनाव में भी जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में झारखंड में विधानसभा चुनाव में वापस पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि ₹जमीन मारो मोर्चा₹ को राज्य की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी और इन्हें कहीं से भी सहानुभूति मिलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए हमारा नारा है कि ₹हमने बनाया है, हम ही गढ़ेंगे।

श्री महावीर मंडल की हुई बैठक, रवि कुमार बने अध्यक्ष

RANCHI : श्री महावीर मंडल की महावीर चौक केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से इसमें अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा, उपाध्यक्ष राज्सेन गुप्ता, राजकिशोर सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, प्रेमचंद चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रमोद शाश्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा एवं प्रदीप कुमार गुप्ता उपस्थित थे। इस बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों की टोली का पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। लंकेश सिंह, धर्मराज यादव, बाबू पाठक, युवराज पासवान, रणधीर रजक, नकुल तिर्की, सुनील रंजन सहाय, राकेश सिंह, पप्पू वर्मा, प्रकाश चंद सिंह, मंतोष सिंह, दीपेश पाठक, बबलू यादव, रोशन लाल यादव, उज्जवल प्रकाश तिवारी, अमरिंदर सिंह, मनीष यादव और अन्य को कार्यकारिणी में शामिल किया गया और और सभी पदाधिकारी को यह दिशा निर्देश जारी किया गया है की सभी अखाड़ों में घूम कर उनकी समस्याओं को जानकर उनकी समस्याओं का समाधान महावीर मंडल द्वारा यथाशीघ्र किया जाए। हम महावीर मंडल के तमाम पदाधिकारी सभी सभी अखाड़ा धारी का जो भी समस्या होगी उसके समाधान हेतु हर प्रयास और कोशिश करेंगे। यह जानकारी प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा ने दी।

टांगी से मारकर की गई वृद्ध महिला की हत्या, पोती गंभीर

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के कुम्भा टोली में एक बुजुर्ग महिला की टांगी से मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना में मृत महिला की पोती भी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला दृष्टि मुंडा (65) का अपने पड़ोसी सूरज से काफी दिनों से विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि सूरज ने बुजुर्ग महिला पर टांगी से हमला कर दिया। इससे बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। बताया गया कि घटना के दौरान जब बुजुर्ग महिला की पोती अपनी दादी को बचाने गई तो सूरज ने उस पर भी हमला कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग महिला की 16 साल की पोती भी घायल

हो गई। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस संबंध में नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि कुंभा टोली में एक बुजुर्ग महिला की टांगी से हत्या कर दी गयी। इस हमले में बुजुर्ग महिला की पोती भी घायल हो गई। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

आरयू के पीजी विभाग के छात्र-छात्रा त्रस्त, विवि प्रशासन मस्त : अभिषेक

PHOTON NEWS RANCHI : अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि रांची विश्वविद्यालय के पीजी वाणिज्य विभाग के भवन की स्थिति बिल्कुल दयनीय है। आए दिन वहां कोई ना कोई घटना घटने की आशंका बनी रहती है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विभाग के विद्यार्थी परेशानियों से त्रस्त हैं, जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन मस्त है। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने चैंबर और मौलाना आजाद सीनेट हॉल में एनसीसीएफ के दफ्तर को संवारने के लिए करोड़ों रुपए खर्च

अभिषेक शुक्ला।

कर रहे। शुक्ला ने आगे कहा कि अगर जल्द ही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वाणिज्य विभाग के नए भवन का शिलान्यास नहीं किया गया एवं छात्र-छात्राओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं कि गई, तो छात्र आजसू के सदस्य विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव एवं विश्वविद्यालय में तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे।

लाखों के अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI : तमाड़ थाना पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में दिगम महतो और झरीराम महतो शामिल है। इनके पास से 1200 ग्राम अफीम, 50 हजार नगद, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और एक बाइक बरामद किया गया है।बरामद अफीम की कीमत सात लाख 20 हजार आंकी गई है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना के रोलाडीह एवं बुरूसिंगु गांव के बीच ईटा भट्ठा के पास एक एक

संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा। • फोटोन न्यूज

बाइक से कुछ लोग अफीम खरीद - बिक्री करने के लिए आने वाले है। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुण्डू के नेतृत्व में थाना प्रभारी बुण्डु एवं सशस्त्र बलों को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर पहुंची तो दो व्यक्ति भागने लगे। टीम ने दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया।

दोनों व्यक्तियों की तलाशी लेने पर अफीम बरामद किया गया। पूछताछ करने पर बरामद सामान के बारे में दिगम महतो ने बताया कि वह बुंडू के कोड़दा का रहने वाला है। अफीम खरीदने के लिए अपने फूफा के घर तमाड़ के मुचीडीह आया हुआ था।

ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर धराया

RANCHI : रांची के रातू स्थित नवासोसो में पुलिस ने 22 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम रंजन यादव है। वह गोंदा थाना क्षेत्र के गांधी नगर का रहने वाला है। उसके पास से एक वाहन और 22 पुड़िया ब्राउन शुगर (486 ग्राम) बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सफेद रंग के स्कार्पियो वाहन से ब्राउन शुगर की तस्करी की जा रही है। सूचना के बाद टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम नवासोसो स्थित लिची बगीचा पहुंची। इसी दौरान स्कार्पियो वाहन 15 मिनट बाद पहुंचा। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो वाहन में सवार व्यक्ति भागने लगा। टीम ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया। जांच करने पर उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

झारखंडी जनता की आंखों में धूल झोंक रहे झामुमो, भाजपा व कांग्रेसी : विजय शंकर

RANCHI : संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड छत्तीसगढ़ के प्रभारी विजय शंकर नायक ने भाजपा, झामुमो और कांग्रेस के नेता आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर झारखंड की भोली भाली जनता के आंखों में

धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। तीनों पार्टी के नेता सुपवा दूसे छलानिया को छलानिया दूसे सुपवा को की राजनीति कर जनता के बुनियादी सवालों से ध्यान भटका रहे हैं। नायक ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अपने 15 वर्ष के कार्यकाल के बारे में जनता को बताना चाहिए कि उसने झारखंड की जनता के हितों तथा उनके बुनियादी सवालों पर कितनी गंभीरता पूर्वक कार्य करने का काम किया है। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार के नेता को यह बताना चाहिए कि 4 वर्षों में झारखंडी जनता के बुनियादी सवालों को कितना प्रमुखता से समाधान करने का काम किया।

स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फहराया झंडा

RANCHI : प्रदेश भर में शनिवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के प्रत्येक कार्यकताओं ने अपने-अपने घर एवं जिला-मंडल पार्टी कार्यालयों में शनिवार को भाजपा का झंडा लगाया। गढ़वा के विश्रामपुर मंडल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का झंडा लगाया। मौके पर मरांडी ने कहा कि देश सेवा एवं

जनसेवा में सदैव समर्पित, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के मंत्र पर अग्रसर रहने वाला विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल भाजपा है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने चंदनकियारी स्थित अपने आवास पर भाजपा का झंडा लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने उद्गम के उद्देश्यों को, अपने संकल्पों पर ना सिर्फ.अडिग है बल्कि उन संकल्पों को सिद्ध करके भी दिखाया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया। उन्होंने कहा कि सेवा ही समर्पण अंत्योदय और एकात्म मानववाद के ध्येय के अनुरूप चलने वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा है।

बुजुर्ग मतदाता घर से कर सकते हैं मतदान, आयोग करेगा टीम का गठन

दिव्यांग मतदाताओं के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र आवश्यक

PHOTON NEWS RANCHI : 85 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति डाक मतपत्र का ऑप्शन चुन सकते हैं और अपना वोट घर से ही डाल सकते हैं। साथ ही 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग नागरिक भी घर से वोट डालने के लिए डाक मतपत्र का विकल्प चुन सकते हैं। चुनाव आयोग ने दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक को यह सुविधा प्रदान की है।

इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि इसके लिए एक फार्म भरना होगा। यह फार्म चुनाव आयोग (ईसीआई) की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले दिव्यांग मतदाताओं के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना चाहिए। 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को बीएलओ के पास मौजूद फॉर्म 12डी भरकर देना होगा या फिर इस फार्म को निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में स्थित मतपत्र कोषांग से भी प्राप्त किया जा सकता है।

फॉर्म को भरकर अपने बीएलओके पास जमा करा दें। फार्म में वोटर कार्ड में दर्ज एपिक नंबर जरूर भर दें। दिव्यांग नागरिक अपने फार्म के साथ 40 प्रतिशत से अधिक का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी संलग्न करें। इसे बीएलओ के पास जमा करें या सीधे निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) मुख्य मतदान के दिन से पहले घरेलू मतदान के लिए दिन तय करते हैं। मतदाताओं को घर पर ही डाक मतपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। वे इस पर अपनी पसंद के उम्मीदवार को चिह्नित करेंगे।

घर पर मतदान करने के लिए चार से पांच लोगों की टीम गठित होगी, जिनमें चुनाव अधिकारी, एक वीडियोग्राफर और पुलिस शामिल रहेंगे। टीम घर पर मतदाता के मतपत्र को मतपेटी में डालने को कहेगी। मतदान की प्राइवेसी के लिए वहां एक पार्टिशन किया जाएगा।मतदान की वीडियोग्राफी भी की जानी है। इस तरह बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग अपने घर बैठे ही वोट डाल पाएंगे। अपनी सेवाएं दे रहे वॉलिंटियर्स इसमें सहायता करेंगे। ऐसे वोटर्स के वोटों की गिनती डाक मतपत्रों से की जायेगी।

श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष बने अनिल टाइगर, मुख्य संरक्षक अतीश सिंह

PHOTON NEWS RANCHI : अनिल महतो टाईगर दोबारा सर्वसम्मति से श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष चुने गए हैं। समिति का पुनर्गठन मुख्य संयोजक गिरिजा शंकर पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नई कमिटी के मुख्य संरक्षक अतीश कुमार सिंह, संरक्षक स्वामी देवेंद्र प्रकाश, अजय बैठा, राम लखन मुंडा, ठानो मुंडा, इंद्रासन सिंह, सोनू तिवारी, पंकज वत्सल, कृष्ण यादव, अंबिका सिंह, विजय मुनि, अशोक यादव, हीरा सिंह, हरेकृष्ण महतो, जगरनाथ यादव, रितेश तिवारी बनाये गए हैं। सह संयोजक शशिकांत यादव, मुकेश यादव, महामंत्री चंकी यादव, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद राय, विवेक सिंह, राज किशोर वर्मा, मंत्री

बैठक में उपस्थित महावीर मंडल के सदस्य। • फोटोन न्यूज

बिहारी यादव, सचिव अनिल महतो, प्रचार मंत्री प्रभात भूषण, पुरुषोत्तम गोस्वामी, कोषाध्यक्ष बिहारी महतो, सुमित सिंह, सह कोषाध्यक्ष रोहित यादव, उपाध्यक्ष बलदेव ठाकुर, महेश सिंह, अजय यादव, स्वागत अध्यक्ष प्रो. डीके रुसिया, शिव कुमार महतो, कार्यालय मंत्री राजू राम, विनीत तिवारी, हर्ष, निरंजन मालाकार, मीडिया प्रभारी राम मनोहर मिश्र बनाए गए हैं। युवा दस्ता अध्यक्ष कुमार शुभम, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह, उपाध्यक्ष अमित तिर्की, गोलू सिंह, कोषाध्यक्ष अंकित ठाकुर और अभिलाष सिंह बनाए गए हैं।

शौचालय घोटाले की आरोपी तीन जलसहिया गिरफ्तार

62 लाख रुपये की अवैध निकासी को लेकर दर्ज हुआ था मामला

अंजना दास।

काजल मंडल।

बसंती मुंडा।

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड स्थित कोवाली थाना क्षेत्र के जामदा पंचायत से तीन जलसहिया को गिरफ्तार किया गया है। सभी जलसहिया शौचालय घोटाला में 2018 से फरार चल रही थीं। इनमें देवली की बसंती मुंडा, भालकी की काजल मंडल एवं उलियान साईं की अंजना दास को थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने टीम बनाकर महिला पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता मंतोष कुमार मणि द्वारा अक्टूबर 2018 को कोवाली थाने में कोवाली एवं जामदा पंचायत की मुखिया समेत सभी दोषी जल सहिया पर अवैध रूप से बिना कार्य के 62 लाख रुपये निकासी का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा लगातार दोषियों पर दबाव बनाया जा रहा था कि जल्द से जल्द शौचालय का निर्माण कर उपयोगिता प्रमाण पत्र सौप दें, मगर किसी ने भी इस और ध्यान नहीं दिया।

पेयजल स्वच्छता विभाग ने किया था डेढ़ करोड़ का सर्टिफिकेट केस : पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिला को-ऑर्डिनेटर बेसिल टोप्पो ने बताया कि फरवरी 2024 को पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा पोटका के पांच पंचायत में 2018 में करोड़ों रुपये की निकासी के बाद शौचालय का निर्माण नहीं किए जाने के मामले में संज्ञान लेते हुए इन पांच पंचायत की दोषी जलसहियाओं एवं मुखिया पर डेढ़ करोड़ रुपये का सर्टिफिकेट केस किया गया है।

पोटका में कहां-कहां हुआ शौचालय घोटाला : पोटका प्रखंड में कोवाली, जामदा, शंकरदा, सानग्राम एवं कुलडीहा पंचायत की मुखिया एवं कुछ जलसहिया द्वारा मिलकर हजारों शौचालय निर्माण को लेकर अवैध रूप से करोड़ों रुपये की निकासी कर ली गई थी एवं शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया था।

शहरनामा

वीरेंद्र ओझा

लोहा गरम, हथौड़ा चला

राजनीति की गर्माहट इस बार सबसे ज्यादा कोयले की भट्ठी में देखने को मिल रही है। यहां जो आग पहले से सुलग रही थी, अब उसकी ज्वाला बेकाबू होकर फैल रही है। पता नहीं, इसकी आग से कौन-कौन झुलसेगा। वैसे राजनीति के पंडित कहते हैं कि जब लोहा गरम हो, तभी हथौड़ा चलाना चाहिए। सो अपने चाचा भट्ठी में जलावन झोंक रहे हैं, जिससे लोहा गरम होते-होते खुद ही पानी बन जाए। हथौड़ा तो पब्लिक ही चलाएगी, भले लोहा पानी बने या किसी की रोटी पक जाए।

बेचारे गुरुजी की कौन सुनेगा

एक गुरुजी शहर में पहले धन प्रबंधन का पाठ पढ़ाते थे। कुछ दिनों बाद उन्हें राजनीति पढ़ाने का मौका मिला। मूढ़ जनता को उनकी पढ़ाई में रुचि ही नहीं आई, तो गुरुजी ही यहां से तड़ीपार हो गए। राजधानी जाकर खूब भौंकने का मौका मिला, तो हाथ ने उन्हें एक मौका उनके गृह जिला में दिया। दुख की बात रही कि वहां की जनता ने भी उनकी पढ़ाई को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया। अंत में गुरुजी को समझ आया कि बहती गंगा में ही डुबकी लगाना ठीक है।

बाट जोहते पथरा गईं आंखें

पूरे देश में चुनावी महापर्व का डंका बज रहा है। अपने यहां भी सरकार जबरदस्त उत्साह में दिख रही है, लेकिन असल चीज ही गायब है। लौहनगरी सहित सारंडा की धरती की आंखें बाट जोहते-जोहते पथरा गई हैं। आज-कल करते करते रात बीत रही है, लेकिन अखाड़े का दूसरा पहलवान कौन होगा, पता ही नहीं चल रहा है। पता चला है कि इसी बीज यहां किसी स्वयंभू नेता ने दावा कर दिया है कि तीर तो हम ही छोड़ेंगे। जगह-जगह माथा टेकना भी शुरू कर दिया है।

तेंदुआ आया-तेंदुआ आया...

आपने अभी तक भेड़िया आया-भेड़िया आया... वाली कहानी सुनी थी, अब लौहनगरी के लोगों ने तेंदुआ आया-तेंदुआ आया... भी सुन लिया। एक तेंदुआ गम्हरिया में अवतरित हुआ था, जिससे वहां एक सप्ताह तक सबकी हवा-पानी गुम थी। जब वहां के लोग चैन की सांस लेने लगे, तो वही तेंदुआ... अपनी लौहनगरी में आ गया। यहां भी सरकारी महकमा खूब उछला। पिंजरा और गोली-बंदूक के साथ सेना उतार दी, लेकिन वह आया भी था कि नहीं, यह भी पता नहीं चला।

BRIEF NEWS

नहीं रहे बागबेड़ा निवासी अजय मिश्रा

JAMSHEDPUR : बागबेड़ा, रोड नंबर-5 निवासी अजय मिश्रा (48) का शुक्रवार रात करीब 11 बजे हृदयाघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री व एक पुत्र छोड़ गए हैं। उनके निधन से ब्राह्मण समाज में शोक की लहर फैल गई है। शोक संवेदना व्यक्त करने को कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे सहित कई विप्र का उनके आवास पर तांता लगा रहा। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट पर किया गया।

आज अग्रसेन भवन में लगेगा नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

JAMSHEDPUR : साकची स्थित आमबगान मैदान के पास अग्रसेन भवन में रविवार को निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर लगेगा, जो सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा। यह शिविर चंदूलाल भालोटिया सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से लग रहा है, जिसमें कंचन सेवा संस्थान, उदयपुर, राजस्थान के दक्ष चिकित्सक द्वारा घुटना एवं कमर दर्द का प्राकृतिक उपचार किया जाएगा।

इंडिया इंटरनेशनल डांस फेस्टिवल हुआ शुरू

ROURKELA : डांस फेस्टिवल आईआईडीएफ की ओर से शनिवार को भारतीय अंतरराष्ट्रीय नृत्य महोत्सव भंज भवन में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन सांस्कृतिक और कलाभूमि राउरकेला द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसमें राज्य के अलावा देश के विभिन्न राज्यों के कलाकार भाग लें रहे है।

बीजेडी ने बनाया रोहित तिर्की को प्रत्याशी, बगावत

ROURKELA : विरमित्रपुर विधानसभा क्षेत्र में बीजेडी उम्मीदवार के रूप में जॉर्ज तिर्की के बेटे रोहित जोसेफ तिर्की के नाम की घोषणा के बाद बीजेडी नेता राजेश केरकेटा ने विद्रोह में सामने आ गया है। राजेश ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। राजेश केरकेटा विरमित्रपुर के पूर्व विधायक रमेश केरकेट्टा के बेटे हैं।

रेप के आरोपियों को 20 साल की सजा

ROURKELA : सुंदरगढ़ में युवतियों से गैंग रेप के आरोप में दो युवकों को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। सुंदरगढ़ के अतिरिक्त जिला दौरा न्यायाधीश ने सजा सुनाई। आरोपी राजेन कुजूर और रवि ओराम को एडीजे कोर्ट ने सजा सुनाई है।

विदेशी शराब की गई जब्त

ROURKELA : सुंदरगढ़ टाउन थाना पुलिस ने रानीबागिचा इलाके में छापेमारी कर विदेशी शराब जब्त की। इस घटना में आरोपियों में रानी बागची के रंजीत प्रसाद चौरसिया (19), खमारीपाड़ा के मुरलीधर माझी (53) और किन्जिरकेला थाना पेरुआअडार के जगन्नाथ बाग (21) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के विदेशी शराब की तस्करी करने की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापा मार कर उन्हें पकड़ लिया।

बंगाल क्लब में प्री-बैसाखी प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं समाजसेवी पूरबी घोष। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : साकची स्थित बंगाल क्लब में 5-7 अप्रैल तक प्री-बैसाखी प्रदर्शनी शुरू हुई, जिसका उद्घाटन समाजसेवी पूरबी घोष ने किया। महिलाओं द्वारा संचालित कोलकाता की संस्था ह्यएनिग्माह्व की प्रमुख एलिट्रा सिन्हा मुखर्जी ने बताया कि जमशेदपुर में 11वीं बार प्रदर्शनी लग रही है। प्रदर्शनी के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर किया जा रहा है। इसमें कोलकाता व जमशेदपुर के बेहतरीन कारीगरों द्वारा तैयार लेडीज कलेक्शन- साड़ी, कुर्ती, आभूषण, मेंस कनेक्शन आदि हैं। प्रदर्शनी में 30 स्टॉल लगे हैं, जिनमें विशेष छूट दी जा रही है।

नीरज की स्मृति में 25 यूनिट हुआ रक्तदान

JAMSHEDPUR : झारखंड कुम्हार कल्याण संघ के संस्थापक सह प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद के इकलौते पुत्र नीरज की स्मृति में शनिवार को रक्तदान शिविर लगा, जिसमें 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया कुम्हारपाड़ा, काशीडीह स्थित प्रजापति भवन में लगे शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता निर्भय सिंह ने किया। इस अवसर पर इंद्रदेव प्रसाद भी उपस्थित थे, जबकि शिविर को सफल बनाने में वॉयस ऑफ ह्यूमिनिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत, तेतर प्रजापति, हरिशंकर पंडित, बासुदेव प्रसाद, गणेश प्रसाद सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

एक्सएलआरआई के दीक्षांत समारोह में 342 स्टूडेंट्स को मिला सर्टिफिकेट

जीवन का सबसे बड़ा मंत्र सत्य व सेवा : राजीव

दीक्षांत समारोह में उपस्थित अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : एक्सएलआरआइ के टाटा ऑडिटोरियम में वर्चुअल इट्रैक्टिव लर्निंग व कॉर्पोरेट प्रोग्राम के 22 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वर्चुअल इट्रैक्टिव लर्निंग प्रोग्राम के कुल 233 जबकि कॉर्पोरेट प्रोग्राम के कुल 109 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महिंद्रा इंश्योरेंस ब्रोकर्स, महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स, महिंद्रा स्टील सर्विस सेंटर के चयरमैन सह आइओएल जेनेवा के गवर्निंग बॉडी के सदस्य राजीव दुबे उपस्थित थे। उन्होंने एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, डीन एकेडमिक्स संजय पात्रो व वर्चुअल इट्रैक्टिव लर्निंग व कॉर्पोरेट प्रोग्राम के एसोसिएट डीन मनोज टी थॉमस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने सभी को संबोधित करते हुए निडर बनने का आह्वान किया। साथ ही मुख्य अतिथि राजीव दुबे को सम्मानित किया। इस दौरान राजीव दुबे ने जीवन में सफल होने के लिए थ्री प्लस फाइव (3+5) का फामूर्ला दिया। उन्होंने कॉरपोरेट लीडर्स को तीन टिप्स देते हुए कहा कि कभी ₹कोई सीमा स्वीकार न करें, वैकल्पिक सोच दृष्टिकोण का पालन करें, और जीवन में हमेशा सकारात्मक बदलाव लेकर आए। साथ ही एक बिल्कुल नया दिमाग, जोश और ऊर्जा का मल्टीप्लाई, डर या हार का मैनेजमेंट जरूरी है साथ ही हार को सकारात्मक रूप से लेना, और ट्रस्ट ये पांच ऐसे व्यवहार हैं जिनका हर लीडर्स को करना चाहिएह्व। उन्होंने अपने जीवन का मंत्र यानी सत्य, प्रेम और सेवा भी साझा किया, जिसे सत्य, करुणा और सेवा की भावना के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

कॉपोरेट प्रोग्राम में इन्हें मिला प्रथम स्थान

1. ईडीएचआरएम 2023-24: सचिन कुमार शर्मा
2. पीजीसीएचआरएम 2022-24 (एक्सेंचर): अजय आनंदन एसआर
3. पीजीसीजीएम 2022-24 (पीडब्ल्यूसी): प्रशांत यूके नायर

वर्चुअल लर्निंग प्रोग्राम में इन्हें मिला प्रथम स्थान

1. पीजीसीबीएम (व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र) - सुमित कुमार बृजवानी
2. पीजीसीएचआरएम (मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र) - उपासना बोस
3. पीजीसीएसएल (वरिष्ठ नेतृत्व में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र) - राजेश पाठक

कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी की जान : गंगाधर दास

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS ROURKELA : राउरकेला भाजपा कार्यालय में शनिवार को पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष लतिका पटनायक की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के संस्थापक सदस्य गंगाधर दास शामिल हुए। जिला सभा नेत्री के साथ झंडोत्तोलन किये।

गंगाधर दास ने भारतीय जन महासंघ से लेकर भाजपा के जन्म तक भाजपा की लंबी यात्रा और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर भारत रत्न और भाजपा के संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी तक की राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला और सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने मोदी के नारे 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्व, सबका विकास', आत्मनिर्भर भारत', 'विकसित भारत' के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि युवा ही विकसित भारत के सारथी होके कार्य के रूप में बदलेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव पूर्णिमा केरकेटा, प्रदेश प्रवक्ता धीरेन सेनापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निहार राय, प्रमिला सोना, शशांक जेना, मलय महापात्रा, अजय कंसारी, आशा नायडू, सस्मिता पाढ़ी, सूर्यकांत मोहंती, मनोज माहेश्वरी, गुरबिंदर सिंह, सरोज दास, अशोक लेंका , अबोध रॉय, प्रशांत कुमार पांडा, आई रमेश राजा,मनोरंजन मुनि, केदार मोहंती, कमलेश साहा, आलोक नायक, राजेश प्रसाद+, सुशांत महापात्रा, तापस परिदा, रमेश सिंह, सुधाकर साहू, बंदिता महंत, हेमंत जेना, श्रीकांत राय, ताराकांत महापात्रा , श्रीकांत पाढ़ी, व्यास देवनाथ, सोनू कंसारी, आशा बती, सीमा मिश्रा, बनिता महंत, प्रमोद मोहंती, लक्ष्मी मिश्रा, आशा साहू, श्रीमा मिश्रा, केएन चौबे, श्याम नायक, एसके नजीर नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व व नेतृत्व और कर्मठ कार्यकर्ता बनेगा।

आदिवासी समाज को बदनाम न करें झामुमो के लोग : निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि उनकी पत्नी कल्पना सोरेन आदिवासी के नाम पर उनके पति को प्रताड़ित करने की बात कहती हैं, जबकि मैं कहता हूं कि हेमंत सोरेन के साथ आदिवासी समाज के कितने लोग जेल गए हैं। वे क्यों पूरे आदिवासी समाज को बदनाम करते हैं। आदिवासी समाज बहुत भोला-भाला है। हेमंत सोरेन ने स्वयं गड़बड़ी की है, तो खुद अपने पाप की सजा भुगतें। आदिवासी के नाम पर बेईमानी मत करो।

अमन के साथ राम नवमी व ईद मनाने के लिए हुई शांति समिति की बैठक

शांति समिति की बैठक में शमिल लोग ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS ROURKELA : रामनवमी और ईद को लेकर राम नवमी अखाड़ा समिति और ईद समिति दोनों की ओर से व्यापक तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही दोनों त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी कई कदम उठाये जा रहे हैं। राउरकेला प्लांटसाइट थाने में शुक्रवार शाम शांति समिति की बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता डीएसपी निर्मल चंद्र महापात्र ने की और इसमें विभिन्न रामनवमी और ईद समिति के सदस्यों ने भाग लिया। इसके अलावा राउरकेला एकता मंच के सदस्य और शांति समिति के सदस्य भी शामिल हुए। प्लांटसाइट इंस्पेक्टर जयनारायण खड़ेई ने विभिन्न समिति सदस्यों से चर्चा की। इस साल शहर में 15 रामनवमी अखाड़ा समिति के जुलूस निकलेंगे, जबकि 4 जगहों पर ईद की नमाज अदा की जायेगी। प्रशासन व शांति समिति की ओर से ईद व रामनवमी शांति व व्यवस्था के साथ मनाने की अपील की गयी है।

बीजेपी के स्थापना दिवस पर आए लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने तुलसी भवन में पत्रकारों से की वार्ता, बोले-

जमशेदपुर, धनबाद और पलामू सहित जीतेंगे सभी 14 सीटें

पत्रकारों को संबोधित करते लक्ष्मीकांत वाजपेयी। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर, धनबाद और पलामू ही नहीं, हम झारखंड की सभी 14 सीट जीतेंगे, इसमें किसी को शंका नहीं होनी चाहिए। ये बातें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सदस्य डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने शनिवार को कहीं।

भाजपा के स्थापना दिवस पर शहर आए वाजपेयी ने बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा बूथ जीता, तो चुनाव जीता के सिद्धांत पर चल रही है। मेरा बूथ सबसे मजबूत का मंत्र सभी कार्यकर्ता को दिया गया है, जिस पर वे खरे उतर रहे हैं। जहां तक जमशेदपुर की बात है तो यहां से हमारा सांसद है, इसलिए परेशानी की कोई बात ही नहीं है। छोटी-मोटी बातें होती रहती हैं, जिसे आसानी से निपटा लिया जाएगा। धनबाद में हमारे प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बारे में राजनीतिक साजिश हो रही है, लेकिन उनकी साजिश धरी रह जाएगी। ऑडियो-वीडियो वायरल होने की बात पर वाजपेयी ने कहा कि यह चुनाव के समय होता रहता है। जो प्रत्याशी होता है, वह मानकर चलता है कि उसके खिलाफ कुछ दुष्प्रचार किया जाएगा। इन सब बातों से भाजपा को कोई असर नहीं होने वाला है। हमारी जीत का कारण प्रधानमंत्री

भाजपा के 45वें स्थापना दिवस पर जनसंघ काल के कार्यकर्ता सम्मानित

JAMSHEDPUR : भाजपा ने शनिवार को अपना 45वां स्थापना दिवस मनाया। जमशेदपुर महानगर में भाजपा कार्यकताओं ने अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर एवं विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से जनसेवा का संकल्प लिया। साकची स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस को पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान जनसंघ काल से पार्टी को अपने त्याग, समर्पण और परिश्रम से सींचकर भाजपा के रूप में विशाल वटवृक्ष बनाने वाले दर्जनों कार्यकताओं को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी के अलावा सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर जिला प्रभारी एवं कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद, सह संयोजक एवं पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत पार्टी के वरीय नेताओं के संग सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पारंपरिक गीत, संगीत व नृत्य के साथ मनाया बाहा पोरोब

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : गरुड़बासा, हुरलुंग में आदिवासी मुलवासी एकता मंच द्वारा शनिवार को बा (बाहा) पोरोब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले ग्रामीणों के द्वारा पारंपरिक रूप से प्रकृति की पूजा-अर्चना की, जिसके बाद खेलकूद का आयोजन किया गया। इसी क्रम में हो, मुंडा, भूमिज, उरांव एवं लोहार समाज के द्वारा पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम किया गया। इसके बाद झारखंडी संस्कृति का लोक नृत्य का आयोजन किया गया। सामाजिक एवं संस्कृतिक विरासत को रक्षा करने वाले समाज के अगुआओं को आदिवासी गमछा देकर स्वागत किया गया।

रात्रि 10 बजे से झारखंड संस्कृति के प्रमुख छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया। छऊ नृत्य में छुटु लोहार के टीम खाड़ीपहाड़ी मानभूम जनशक्ति छऊ नृत्य समिति ने प्रस्तुति दी। उस्ताद संजय उरांव की टीम ने भी इसके टक्कर में अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। मंच के चेयरमेन कृष्णा लोहार ने बताया कि शहर में झारखंडी संस्कृति लुप्त होने से बचाने के लिए हमलोग प्रतिबद्ध हैं।

गैंगरेप के बाद आंख निकाली, हाथ-पैर तोड़कर मर्डर

एजेंसी

पटना । पूर्णिया में शुक्रवार को 7 साल की बच्ची का मक्के के खेत में शव मिला था। मासूम के आधे शरीर पर कपड़े नहीं थे। बच्ची की दाई आंख निकाल ली गई और गर्दन मरोड़ी गई थी। हाथ-पैर भी तोड़ दिए गए थे। परिवार का आरोप है कि मासूम के साथ गैंगरेप भी हुआ है। पुलिस ने इस मामले में आज 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बच्ची की मां से बदला लेना चाहते थे, इसलिए उसकी ये हालत की। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को खून के धब्बे और कपड़े

के टुकड़े मिले हैं। आरोपियों के कपड़े और बच्ची के कपड़े पर लगे खून के धब्बे मैच हुए हैं। मामला जिले के रूपौली थाना क्षेत्र का है। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम पूरी रात सबूत जुटाने में लगी रही। इस मामले में पुलिस ने गांव के ही प्रेम लाल उरांव और मोतिहारी के सेख नाहिद को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है और कई अहम खुलासे भी किए हैं।

परिजनों ने बताया है कि गांव के ही प्रेम लाल उरांव से तकरीबन एक साल पहले मामूली विवाद में मारपीट हुई थी। इसी मारपीट में प्रेम लाल उरांव ने बच्ची की मां का सिर फोड़ दिया था। इस मामले को सुलझाने के लिए पंचायत हुई थी। पंचायत ने प्रेम लाल उरांव को दोषी पाते हुए 25 हजार रुपए जुमार्ना भरने का फरमान सुनाया था। किसी तरह प्रेम लाल ने जुमार्ने की रकम पीड़ित को दी थी। तब से प्रेम लाल के मन में बदले की भावना पैदा हुई। जिसके बाद प्रेम लाल ने शेख नाहिद और एक अन्य के साथ मिलकर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया। परिजनों ने बताया कि बच्ची गुरुवार की सुबह अपनी दादी के साथ मक्का के खेत में गई थी। दादी 10 बजे बच्ची को खेत में छोड़कर घर वापस लौट गई थी। वापस जब दादी खेत पहुंची तो बच्ची गायब थी। परिजनों ने खोजबीन की, इस दौरान शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे सूचना मिली की मक्के की खेत में शव पड़ा हुआ है। कुछ ही देर में ये बात उन तक पहुंची। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और बच्ची की शिनाख्त की। रूपौली थाना अध्यक्ष अमजद अली ने बताया कि पूरी रात एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम साक्ष्य जुटाने में लगी रही। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो अपना जुर्म कबूल कर लिया है। वहीं, तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। बच्ची के कपड़े और आरोपी के कपड़े पर लगे खून के धब्बे मैच हुए हैं। मक्के के खेत और आरोपी के घर से भी कई अहम सबूत मिले हैं। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त डायरी

बक्सर पुलिस ने होटलों और लॉज में की छापेमारी

बक्सर। बक्सर के विभिन्न लॉज होटलों और रेस्टोरेंट में शुक्रवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। यह छापेमारी बक्सर एसपी के निर्देश पर किया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बिगुल बजते ही जिला प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसके साथ ही लगातार वाहन जांच समेत जिले भर में पुलिस की सक्रियता देखी जा रही है। पुलिस टीम ने स्टेशन रोड के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित होटलों और लॉज में जांच की गई। इस दौरान होटल और लॉज संचालकों को कई आवश्यक निर्देश भी दिया गया है। इस दौरान स्टेशन पर भी जांच अभियान चलाया गया।

रउद्दड धीरज कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी के निर्देश पर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के साथ अन्य पुलिस की अलग-अलग टीम बनाई गई। टीम ने स्टेशन रोड स्थित सभी होटल और लॉज में एक साथ छापेमारी की गई। पुलिस टीम ने होटल और लॉज के रजिस्टर की जांच की। रजिस्टर के साथ कमरों में ठहरे यात्रियों का भी मिलान किया गया।एसडीपीओ ने बताया कि होटल और लॉज संचालकों को निर्देश दिया गया है कि होटल के कमरों में शराब रखने और पीने पर पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। शराब का सेवन कर पहुंचने वालों की सूचना स्थानीय पुलिस को देनी है।

चैती छठ को लेकर प्रशासन अलर्ट

एजेंसी

मुजफ्फरपुर। में जिला प्रशासन ने चैती छठ पर्व को लेकर निजी नाव और अवैध नाव के परिचालन के बंद करने का निर्देश जारी किया है। वहीं नदियों, तालाबों एवं घाटों पर गोताखोर, लाइफ जैकेट और महाजाल के इंतजाम के निर्देश दिए हैं। चिट्ठी के जरिए एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि अवैध रूप से निजी नावों को नदियों में चलाने से खतरा हो सकता है। छठ पर्व में किसी भी निजी एवं अवैध रूप से नावों के परिचालन बंद होगी। साथ ही सभी आम लोगों को गहरे नदियों में जाकर स्नान करने एवं अर्घ्य देने पर मनाही होगी। किसी भी टूटे हुए तटबंध एवं दलदल नदी घाटों के पास अनावश्यक रूप से भीड़ नहीं हो।

पटना के कबाड़ी दुकान में भीषण आग

आसपास के घरों को भी चपेट में लिया, दमकल की 12 गाड़ियों ने पाया काबू

एजेंसी

पटना । पटना सिटी में कबाड़ी दुकान में अचानक आग लग गई। चंद मिनटों में आग की लपटें पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

घटना मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के दीप नगर इलाके की है। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास के कुछ घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा था।

चारों ओर काला धुआं फैल गया। आनन-फानन में लोगों ने घरों से सामान निकालकर बाहर फेंका। मामले की सूचना स्थानीय थाना और फायर ब्रिगेड की टीम को दी

गई। सूचना मिलने के बाद दमकल की छोटी-बड़ी कुल 12 गाड़ियां मौके पर पहुंची और तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि आगजनी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। मामले की छानबीन की जा रही है।पीड़ित सूरज कुमार ने बताया कि कबाड़ी की दुकान में भीषण आग लग गई। मेरे घर को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। दीवार को तोड़कर घर का सामान बाहर निकाले, लेकिन घर में रखे 80 हजार रुपए कैश और जेवर नहीं निकाल पाए। वह जल गया है। किसी तरह से हम लोगों ने अपनी जान बचाई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की लपटें काफी तेज थी। आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। लोग अपने-अपने घरों से गैस सिलेंडर और सामान निकाल कर बाहर खेत में फेंक दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मेहंदी गंज थाना को बार-बार फोन पर जानकारी देने की कोशिश की, लेकिन थाना प्रभारी ने फोन रिसीव नहीं किया।

गया में नहीं हो सकी कुमार सर्वजीत की सभा

गयाः लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत की सभा बैरागी मोहल्ले में नहीं हो सकी। मंच भी सजा था, कुर्सियां भी लगी थी और बड़ी संख्या में लोग भी मौजूद थे। कुमार सर्वजीत के स्वागत के लिए बड़ी-बड़ी भारी भरकम मालाएं भी लोग लेकर सभा स्थल आए थे, लेकिन अचानक कुमार सर्वजीत की चुनावी सभा परवान नहीं चढ़ सकी। सभा स्थगित करनी पड़ी। दैनिक भास्कर ने जब उनसे यह पूछा कि आपकी चुनावी सभा पर प्रशासन ने रोक लगा दी क्या तो उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि जब मैं यहां आया तो स्वागत की भव्य तैयारी देख मैंने लोगों से सभा करने से मना कर दिया। हमने लोगों से यह कहा कि प्रशासन चुनाव के दौरान इस तरह की अनुमति नहीं देता है। इसलिए सभा नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि गया नगर निगम के मेयर गणेश पासवान की मां से यहां आशीर्वाद लेने आया था, लेकिन लोगों का उमंग इतना जबरदस्त था कि उन्होंने हमारे आगमन को एक सभा का रूप दे दिया था, जिसे मैंने सख्ती से मना कर दिया।

पुलिस चेकपोस्ट में लगी आग

एजेंसी

गया गया के परैया थाना क्षेत्र में पुलिस चेकपोस्ट में शुक्रवार की देर आग लग गई। घटना के वक्त कोई भी पुलिसकर्मी नहीं थे। जबकि चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस ने 24 घंटे के लिए चेकपोस्ट खोला है। जिस जगह चेकपोस्ट है वहां किसी प्रकार का बिजली खंभा या तार नहीं है।

घटना के वक्त वहां कोई था भी नहीं। ऐसे में ग्रामीणों में चर्चा है कि असामाजिक तत्वों ने आग लगाई। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस कह रही जांच की जा रही। घटना गया-परैया

सड़क मार्ग स्थित कष्ठा हनुमान मंदिर के निकट की है। गया औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की सीमा पर स्थित कष्ठा गांव के पास लोकसभा चुनाव को देखते हुए चेक पोस्ट खोला गया है। ताकि शराब, हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामान की जांच हो सके। यही वजह है कि इसे 24 घण्टे के लिए सक्रिय रखने का आदेश जिला पुलिस की ओर से जारी किया गया है। ज्ञात हो परैया थाना द्वारा कष्ठा गांव में सड़क के किनारे हनुमान मंदिर के निकट टेंट लगाकर चेक पोस्ट का निर्माण किया गया था। जिसमें असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जानकारी गांव के लोगों ने थाना में दी। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि चेकपोस्ट जलने की सूचना मिली है। इसकी जांच की जा रही है कि आग किस कारण से लगी है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त मौके पर कोई भी पुलिस कर्मी नहीं था।

नव-निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोगों के लिए जल्द खुलेगा

बक्सर । बक्सर के चौसा में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बहुत जल्द क्षेत्रीय लोगों के लिए खोला जाएगा। डीएम के निर्देश पर ठेकदार द्वारा निर्माण कार्य पूरा करने के बाद स्वास्थ्य विभाग को बहुत जल्द हैंड ओवर किया जाएगा। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद भी ठेकेदार द्वारा इस आधुनिक चिकित्सीय व्यवस्थाओं से लैस नए भवन को हैंड ओवर नहीं किया गया था। इसको संज्ञान में लेते हुए बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाई। उसे जल्द से जल्द हैंड ओवर कर लोगों के इलाज के लिए प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया है। इसके खुलने से यहां के मरीजों को छोटे-छोटे इलाज कराने के लिए जिले में जाने की जरूरत नहीं होगी। जिला जनसंपर्क कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बक्सर स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अंशुल अग्रवाल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौसा के नवनिर्मित भवन के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट परिसर अवस्थित कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान पाया गया कि उक्त भवन में अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं होने के कारण संवेदक द्वारा हस्तांतरण नहीं किया गया है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चौसा को निर्देशित किया गया कि महाप्रबंधक, बीएमएसआईसीएल से समन्वय स्थापित करते हुए जल्द विद्युत कनेक्शन लगवाने का काम करें। बैठक में सिविल सर्जन बक्सर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चौसा, डी.पी.एम बक्सर और कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर मौजूद थे।

संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

एजेंसी

गया । गया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के ऐतिहासिक आजाद पार्क मैदान में शनिवार की दोपहर को संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव मिला है। शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आजाद पार्क मैदान में स्थानीय युवक देखा कि आजाद पार्क मैदान के अंदर कुएं के पास संदिग्ध अवस्था में युवक का शव दिखाई दिया। उसने इसकी सूचना स्थानीय कोतवाली थाना की पुलिस को दी, सूचना मिलते हीं कोतवाली थाना के थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा सदलबल के साथ घटनास्थल आजाद पार्क को पहुंचे, वहां पहुंचते ही देखा कि एक युवक का शव पड़ा है। उसने काले रंग का जींस और हल्के रंग का शर्ट पहना था। बाएं हथेली पर

घड़ी भी बांध रखी थी। शव के पास एक लाल रंग की साइकिल भी लगी है, तलाशी ली गई तो कुछ नहीं मिला। युवक के मुंह से झाग जैसा निकल रहा था। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों को बुलाया लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। युवक के शव की पहचान हो सके इसके लिए पुलिस ने काफी देर तक मशक्कत की लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। फिलहाल पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल को भेज दिया है। कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया संदीप अवस्था में आजाद पार्क से एक युवक का शव बरामद किया गया है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है, उसकी मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा होगा फि लहाल पहचान के लिए 72 घंटे तक पुलिस युवक के शव को शव गृह में रखेगी।

हाथापाई के दौरान छपरा का युवक जख्मी

भोजपुर । भोजपुर जिले के मुफस्सिल और बड़हरा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके के पैगा रोड स्थित हनुमान मंदिर के समीप शुक्रवार शाम छिनतई के दौरान छपरा निवासी एक युवक जख्मी हो गया। परिजन इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के दयाल चक गांव निवासी राम जीवन शाह का 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। जो पेशे से ऑटो चालक है।

कृष्णा नगर थानाध्यक्ष पवन कुमार और बड़हरा थानाध्यक्ष संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। राहुल कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार को अपनी पत्नी को पहुंचने के लिए कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव अपने ससुराल आया था। शुक्रवार

की देर शाम वह अपने साला के साथ पैगा गांव स्थित बगीचा घूमने के लिए जा रहा था।

इसी क्रम में वह दोनों पैगा गांव के तीन मुहान स्थित हनुमान मंदिर के पास बैठकर पानी पीने लगे। तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाश वहां आए और पिस्टल दिखाकर उन दोनों से मोबाइल और पैसे छिनने लगे। छिनतई के दौरान उनके बीच हाथापाई भी हुई। इसके बाद वह तीनों उन दोनों का मोबाइल व पैसा छीनकर भाग निकले। हाथापाई के दौरान वह जख्मी हो गया।

राजमिस्त्री की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज

भोजपुर । भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर नगर स्थित वार्ड नंबर-3 के पवरटोला मोहल्ले में गुरुवार की देर शाम दरवाजे पर बैठने के विवाद को लेकर सेंट्रिंग मिस्त्री मो. मुस्लिम की गला रेत कर हत्या हुई थी। मामले में पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी कराई गई है। मृतक की पत्नी सलमा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। पवर टोला मुहल्ला निवासी भुकडी मियां, इरशाद, चाना मियां, डबलू और मोहम्मद लाला को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपी चाना मियां और डब्लू मियां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गुरुवार की देर शाम मृतक स्व. खेदू मियां का 45 वर्षीय पुत्र मोहम्मद मुस्लिम अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी नामजद आरोपी दरवाजे पर गाली-गलौज कर रहे थे। मृतक के मना करने पर नामजद आरोपियों ने गर्दन पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। गंभीर हालत में जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई।

सरकारी बस ने 4 साल के बच्चे को रौंदा, मौत

एजेंसी

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में 5 साल के बच्चे की सड़क हादसे में मौत हो गई। ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के मेंहदी हसन में सरकारी बस ने बच्चे को कुचल दिया। बच्चा अपने परिजन के साथ मार्केट गया था। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने बस पर पथराव किया। मौके पर ही चालक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को भीड़ से छुड़ाया। बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर जुट गए हैं। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोगों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन लोग सड़क से हट नहीं रहे हैं। लगभग डेढ़ घंटे से सड़क जाम है। सड़क पर बड़ी संख्या में लोग उतरे हुए और लगातार हंगामा कर रहे हैं। पुलिस के लाख कोशिश के बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं हो रहे है। मृतक बच्चे की पहचान मनियारी थाना क्षेत्र के सोनबरसा के अबू बकर (04) के रूप में की गई है। अबू बकर अपने पिता कुर्बान अली और मां के साथ ईद की खरीदारी के लिए बाइक से शहर

आ रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ, जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। ऊढ विनीता सिन्हा ने बताया कि सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे तो आक्रोशित लोग सड़क जाम किए थे। स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और यातायात सामान्य कर दिया गया है। वहीं, चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। चालक के खिलाफ FIR दर्ज की जाएगी। वहीं बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए SKMCH भेज दिया है।

बंद हो किसी भी भारतवासी को 'बाहरी' उम्मीदवार बताना

आर.के. सिन्हा

अजीब विडंबना है कि हमारे यहां कुछ तंग दिल लोग जिसको चाहते हैं बाहरी बता देते हैं। यह स्थिति तब है जब हम भारतीय करीब एक-डेढ़ दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति तक बन गए। इनमें मलेशिया, मारीशस, त्रिनिडाड, ग्याना, केन्या, फीजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा वगैरह देश शामिल हैं। कैरिबियाई देश ग्याना में 1960 के दशक में भारतीय मूल के छेदी जगन राष्ट्रपति बन गए थे। उसके बाद तो शिवसागर राम गुलाम (मॉरीशस), नवीन राम गुलाम (मॉरीशस), महेन्द्र चौधरी(फीजी), वासदेव पांडे (त्रिनिडाड), एस.रामनाथन (सिंगापुर), श्रषि सुनक (ब्रिटेन), कमला हैरिस (अमेरिका) सरीखे भारतवंशी विभिन्न देशों के प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति बनते रहे।

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने और चुनाव प्रचार का काम प्रतिदिन गति पकड़ता जा रहा है। इसके साथ ही सभी दल अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी करते जा रहे हैं। संयोग से अभी तक किसी प्रत्याशी पर 'बाहरी' उम्मीदवार होने का आरोप नहीं लगा है। हालांकि, हमारे यहां किसी को भी बिना किसी कारण के बाहरी उम्मीदवार बता दिया जाता है। याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव के समय जब नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से चुनाव लड़ने का फैसला किया था तो कांग्रेस के नेता उन्हें 'बाहरी' बताने में लगे थे। इसी तरह अरुण जेटली के 2014 में अमृतसर से चुनाव लड़ने पर विवाद खड़ा हो गया था। उन्हें भी कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवार कहा था।

यह आरोप उस कांग्रेस के नेताओं ने लगाए थे जिस पार्टी ने देश के 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाहरी दिल्ली सीट से मलयाली सज्जन सी.कृष्ण नायर को अपना उम्मीदवार बनाया था। दिल्ली उन्हें गांवों का गांधी कहती थी। सी.कृष्ण नायर की दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को स्थापित करने में अहम भूमिका रही थी। वे लोकसभा के 1957 में हुए चुनाव में भी जीते थे। जिस कांग्रेस ने नायर साहब को टिकट दिया था उसी ने 1957 के लोकसभा चुनाव में अंबाला में जन्मी बांग्ला परिवार से संबंध रखने वालीं सुचेता कृपलानी को नई दिल्ली सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। सुचेता जी आगे चलकर उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री भी बनीं।

सच में अपने ही देश में कोई बाहरी उम्मीदवार कैसे हो सकता है। सारा भारत हम सबका है। यहां हरेक भारतवासी नागरिक को कहीं भी रहने या कहीं से भी चुनाव लड़ने का पूरा अधिकार है। तब किसी को बाहरी कहना हर लिहाज से निंदनीय है। सुचेता जी के पति और प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी आचार्य कृपलानी बिहार के भागलपुर और सीतामढ़ी से सांसद रहे। यानी एक सिंधी बिहार से सांसद बना।

अब जार्ज फर्नांडीज को लें। जार्ज साहब भले ही दक्षिण भारत से आते थे, पर बिहार उन्हें अपना मानता था और वे बिहार को अपना मानते थे। बिहार ने उन्हें तहेदिल से आदर भी दिया। उन्होंने भी बिहार को पूरी तरह अपना लिया था। वे भोजपुरी भाषा और मैथली भाषा भी मजे की बोल लिया

करते थे। जॉर्ज साहब को बिहार की जनता ने कई बार लोकसभा में भेजा। वह मुंबई से भी लोकसभा का चुनाव जीते। बिखरे बाल, बिना प्रेस किया हुआ खादी का कुर्ता-पायजामा, मामूली सी चप्पल पहनने वाले जॉर्ज साहब जैसा मजदूर नेता, प्रखर वक्ता, उसूलों की राजनीति करने वाले इंसान अब फिर से देश शायद ही देखेगा। वे चिर बागी थे। उनका कोई चुनावी जातीय समीकरण भी नहीं था। उनका कोई संगठित कॉडर भी नहीं था, फिर भी वह अंतरराष्ट्रीय हैसियत के नेता थे।

इससे पूर्व भी 1962 और 1967 में बिहार ने मराठी मधु लिमये को लोकसभा में बार-बार भेजा। वह जब संसद में होते थे, तो सत्तापक्ष को डर सताता रहता था कि कब उनपर तीखे सवालों की बौछार हो जाएगी। बिहार की राजनीति की बात मधु लिमये के जिक्र के बिना पूरी नहीं हो सकती। वह मूल रूप से पुणे के थे। एक मराठी व्यक्ति का बिहार से चार बार चुनाव जीतना अपने आप में अनोखा है। राज्यसभा में ऐसे कई दूसरे नेता हुए हैं, लेकिन लोकसभा में ऐसे उदाहरण कम ही देखे गए हैं। लिमये का बचपन महाराष्ट्र में बीता, उनकी पूरी पढ़ाई भी वहीं से हुई, वो महाराष्ट्र की राजनीति में भी सक्रिय थे। उन्होंने जब राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखा तो चुनाव लड़ने के लिए बिहार ही चुना।

पहली बार वो 1962 में मुंगेर से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 1964 में, सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का विलय हुआ और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी बनी थी। मधु लिमये पहली बार यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लोकसभा गए थे। 1967 के चुनाव में लिमये ने यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर मुंगेर से जीत हासिल की। 1973 में लिमये ने बिहार के बांका से चुनाव जीता। किसी को अपने ही देश में बाहरी कह कर अपमानित करना सही नहीं है। कानपुर से एस.एम.बैनर्जी लंबे समय तक सांसद बनते रहे। वह बांग्लाभाषी थे और बंगाल से कानपुर में आकर बसे थे। वह मजदूर नेता थे।

अजीब विडंबना है कि हमारे यहां कुछ तंग दिल लोग जिसको चाहते हैं बाहरी बता देते हैं। यह स्थिति तब है जब हम भारतीय करीब एक-डेढ़ दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति तक बन गए। इनमें मलेशिया, मारीशस, त्रिनिडाड, ग्याना, केन्या, फीजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा वगैरह देश शामिल हैं। कैरिबियाई देश ग्याना में 1960 के दशक में भारतीय मूल के छेदी जगन राष्ट्रपति बन गए थे। उसके बाद तो शिवसागर राम गुलाम (मॉरीशस), नवीन राम गुलाम (मॉरीशस), महेन्द्र चौधरी(फीजी), वासदेव पांडे (त्रिनिडाड), एस.रामनाथन (सिंगापुर), श्रषि सुनक (ब्रिटेन), कमला हैरिस (अमेरिका) सरीखे भारतवंशी विभिन्न देशों के प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति बनते रहे।

अभी हाल में ही एक भारतीय मूल के नागरिक थरमन षणमुखरत्नम को भारी बहुमत से सिंगापुर का राष्ट्रपति चुना गया। बेशक, हम भारतीयों को अपना नजरिया बदलना होगा। अपनी सोच के दायरे का विस्तार करना होगा। हमें जाति, भाषा, मजहब, लिंग आदि के बंधनों को तोड़ना होगा। आपको वर्तमान में भारतवंशी सांसद अफ्रीका से लेकर यूरोप, अमेरिका और न्यूजीलैंड की संसद में मिलेंगे। मतलब यह है कि रोजगार की तलाश में दूर देश जाने वाले भारतीय अब वहां की किस्मत ही लिखने लगे।

अगर बात साउथ अफ्रीका की करें तो वहां पर मेवा रामगोविंद सांसद हैं। उनसे पहले भी कुछ और भारतवंशी सांसद रहे हैं। परमिंदर सिंह मारवाह युगांडा की पार्लियामेंट में थे। वह चाहते हैं कि भारत के निवेशक युगांडा के कृषि क्षेत्र में आएं। उनके परिवार ने 1970 के दशक में भी युगांडा को नहीं छोड़ा था जब ईदी अमीन भारतीयों पर जुल्म ढा रहे थे। उनके दादा युगांडा में बसे थे। उनके दादा रेलवे में थे। उन्होंने 1930 और 1940 के दशक में ईस्ट अफ्रीकी देशों में रेल लाइनें बिछाईं थीं।

अब बात केन्या की। इधर कुछ साल पहले तक एक सरदारनी सांसद थीं। उनका नाम है सोनिया विरदी। सोनिया केन्या में महिलाओं के अधिकारो के लिए लड़ती हैं। दरअसल वह पहली एशियाई मूल की महिला सांसद हैं केन्या में। सियासत में नाम कमाने के लिहाज से भारतवंशियों के लिए कनाडा बहुत उर्वरा भूमि है। वहां कई भारतीय मूल के सांसद हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमारे यहां किसी को अपने सियासी स्वार्थों के लिए बाहरी कहना बंद होना चाहिए। देश अब बदल रहा है। हवा के रुख को पहचानें।

संपादकीय

घर से हो सख्ती

कलकत्ता उच्च न्यायालय का यह कथन बिल्कुल उचित है कि, संदेशखालि में यदि यौन उत्पीड़न की एक प्रतिशत आरोप सही पाए गए तो यह बेहद शर्मनाक स्थिति होगी। यौन उत्पीड़न के कथित पीड़ितों के लगभग सौ हलफनामे इसमें शामिल हैं। इसमें जमीन कब्जा के मामले व हिंसा की घटनाएं भी हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने कहा पूरा जिला प्रशासन और सत्तारूढ़ शासन को जिम्मेदारी निभानी होगी। सौ प्रतिशत जिम्मेदारी निभानी होगी। संदेशखालि में निलंबित तृणमूल नेता शाहजहां शेख व उसके सहयोगियों पर स्थानीय लोगों की जमीनें हड़पने व महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। इस पर एक याचिकाकर्ता वकील ने इस घटना की जांच किसी स्वतंत्र एजंसी से कराने की मांग अदालत से की। जिस पर पश्चिम बंगाल के महाधिवक्ता ने विरोध करते हुए दावा किया कि केंद्रीय एजंसियों ने भरोसा खो दिया है। पशिचम बंगाल के कूचविहार में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं का जिक्र करते हुए आासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। इस दरम्यान ईडी ने शेख के बैंक खातों समेत उसके स्वामित्व वाले व्यवसायों से जुड़े खातों को फ्रीज करना चालू कर दिया है। पीड़िताओं ने दिल दहलाने वाली आपबीती सुनाई। उन्हें मजदूरी की आड़ में बुलाया जाता था, परंतु युवा व आकषर्क महिलाओं को मनोरंजन के नाम पर जबरन रोक लिया जाता था। उनके साथ मारपीट होती व अन्य तरीकों से उन्हें प्रताड़ित किया जाता। हालांकि स्थानीय नेता व ममता बनर्जी के करीबी इसे शुरूआत से ही बंगाल विरोधी प्रचार बता रहे हैं, परंतु यह सिर्फ भाजपा या सीपीएम के दुष्प्रचार का नतीजा नहीं कहा जा सकता। घटना को लेकर राज्य सरकार के भीतर शंका न होती तो वह आनन-फानन शेख को निलंबित करने से हिचकती। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि नेतागीरी की आड़ में यह दबंगई केवल बंगाल में ही हो रही है। वास्तव में इस तरह का अत्याचार राजनीति की छतछ्राया में देश भर में होता रहता है। जिस में जमीनों के कब्जे व बेवजह आम जनता का उत्पीड़न शामिल है। यह गंभीर समस्या है, इस पर दलों के मुखियाओं को सख्ती बरतनी चाहिए और ऐसी हरकतें करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर उदाहरण पेश करना चाहिए।

चिंतन-मनन

विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए। नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन्! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं।

सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

विश्व स्वास्थ्य दिवसः स्वास्थ्य रक्षा सरकार के साथ आमजन का भी दायित्व

सुरेश सिंह बैस

भारत में आबादी के मुकाबले स्वास्थ्य सेवाओ की बहुत कमी है, स्वास्थ्य सेवांओ से यह तात्पर्य नहीं है कि केवल डाक्टरों की सुविधा ही, बल्कि डाक्टरों के आने वाली उन कई सहायक सेवाओं से है, जिसकी मदद से डाक्टर इलाज कर पाते हैं। वहीं चिकित्सा क्षेत्र में विकसित एवं विकासशील देश अरबों रुपए शोध कार्य पर खर्च कर रहे हैं। पर दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि जिन बीमारियों के लिए नयी-नयी दवाईयां खोजी जा रही हैं वे अमीरों की बीमारियां हैं, दिल संबंधी बीमारी, उच्च रक्त चाप, कैंसर, लिवर, किडनी प्रत्यारोपण और, सबसे बड़ी अमीरों की बीमारी है एड्स,। हर साल भारत सहित एशियाई देशों और अफ्रीका में लाखो व्यक्ति मलेरिया, कुपोषण, डायरिया, हैजा, डिहाईड्रेशन और टीकों एवं दवा के अभाव में दम तोड़ देते हैं, और इधर चिकित्सा विज्ञान प्लास्टिक सर्जरी के शोध करने में जुटा हुआ है। यहां यह भी गौर करने की बात है कि जिस तरह से कोरोना नामक महामारी 2019 में आई और लगभग 2024 में चली भी गई। इस? अनपेक्षित महामारी ने करोड़ों की संख्या में लोगों की जान ली थी।

स्वास्थ्य की महत्ता वर्षों पूर्व नेपोलियन बोनापार्ट ने समझकर ही यह कहा था कि अगर मुझे स्वस्थ्य माएं मिले तो मैं एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकता हूं। नेपोलियन की यह उक्ति आज भी प्रासंगिक है। किसी भी राष्ट्र के सुदृढ़ निर्माण में स्वस्थ्य मांएं और सुसंस्कृत महिलाओ की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे ही तो आने वाली स्वस्थ्य पीढ़ी की जन्मदात्री हैं। संभवतः इसी सत्य को स्वीकार करते हुए भारत सहित प्रदेशों की सरकारों ने अपने वृहद स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित किया है जिसके केंद्र में महिलाओं एवं बच्चों को रखा गया है, प्रदेशों की स्वास्थ्य क्षेत्र में देखा जाए तो पिछले वर्षों में कोई उल्लखनीय प्रगति नही हो पाई है। जैसे अविभाजित मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़े राज्यों में है। 1991 की जनगणना के अनुसार यहां की कुल लगभग जनसंख्या 66135862 व्यक्ति मानी जाती है। लेकिन राज्य स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाओं की दृष्टि से अभी भी देश के अनेक राज्यों से काफी पिछड़ा है।

स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से मध्यप्रदेश राज्य के पीछे रह जाने के कारणों में यहां साक्षरता ,शिक्षा की कमी, आर्थिक पिछड़ापन, परिवहन के साधनों की न्यूनता और जनसंख्या में जनजाति संख्या का बाहुल्य है। 1981 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में साक्षरता का प्रतिशत 27.87 था, जो देश के साक्षरता प्रतिशत से काफी कम है। गैर शिक्षित लोग अंधविश्वासी और जादू टोनों से बड़ी बड़ी बीमारियों का उपचार करते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में धन नहीं जुट सका है। परिवहन की अपर्याप्त सुविधा के कारण मध्यप्रदेश में पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय और औषधालय नहीं खुल सके हैं। राज्य की जनसंसवा में लगभग 22.97 प्रतिशत भाग अनुसूचित जन जातियों का है जो दुर्गम घने वनों और पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करती है। इन क्षेत्रों में सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जनजाति के लोग सभ्य लोगों से मिलना जुलना पसंद नहीं करते हैं। वे अपना इलाज झाड़फूंक और जादू टोनों से करते है। अतः ऐसी स्थिति में यहां स्वास्थ्य सेवाओं का विकास अवरुद्ध रहा, फलतः मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों की तुलना में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं में काफी पीछे रह गया। क्या आपको पता है कि सारी दुनिया में रोज पचास हजार से ज्यादा बच्चे मौत के मुंह में जा रहे हैं। वजह अतिसार, निमोनिया, पानी की कमी, कुपोषण जैसी साधारण बीमारियां हैं। सारी दुनिया में हथियारों और फौज के खरचो के हिसाब को देखे तो पता चलेगा कि कई सौ करोड़ डालर रोज खर्च किए जा रहे हैं। हर दिन खर्च होने वाले ये करोड़ों डालर सिर्फ इसलिए कि हमारी दुनिया सुरक्षित रह सके। इसके दूसरी तरफ जिन लोगों के लिए इस दुनिया को बचाया जा रहा है, उनकी बेसमय मौत रोकने के लिए होने वाले खर्च फौजी खर्च के पासंग भी नहीं है। भारत जैसे तीसरी दुनिया के देश में हर वर्ष करीब बीस लाख शिशु अपना पहला जन्मदिन देखे बगैर मौत का ग्रास बन जाते हैं। क्या कारण है कि हमारे पास काफी हंद तक असमय मौत रोकने के चिकित्सकीय सुविधाओं के होने के बावजूद भी हम इन्हें रोकने में नाकामयाब हो रहे हैं। कारण है सामाजिक जागरुकता का अभाव। दरअसल समस्या ,कही यह है कि स्वास्थ्य को बीमारी से जोड़कर देखा जाता है तो कहीं बीमारी की गैर मौजूदगी स्वास्थ्य का लक्षण समझा जाता है, जबकि ऐसा नहीं है। एक स्वस्थ्य व्यक्ति का अर्थ मानसिक, शरीरिक, नैतिक रूप से उसका अपने वातावरण से सही संबंध होना है। स्वास्थ्य की इस पूरी परिभाषा की अनुपस्थिति बहुत सी समस्याओं को जन्म देती है। भारतीय संदर्भो में अपने भविष्य की सुरक्षा की जब हम बात करते हैं तो हमे स्वास्थ्य की इस परिभाषा और उसके सामजिक संदर्भो को केंद्र में रखना होगा। अपने मौजूदा हालात में तथ्यों को सिलसिलेवार देखें तो वे कुछ इस तरह से होंगे। भारत में रोज होने वाली मौतों का कारण है प्रमुख कुछ बीमारियां 1 गलघोंटू 2 काली खांसी 3 टेटनस 4 तपेदिक (टीबी) 5 पोलियो 6 खसरा (मीजल्स)। इन सभी रोगों से बचपन में टीकाकरण द्वारा बचाव हो सकता है। इन तथ्यों की रौशनी में एक बार फिर यदि बच्चों के भविष्य को देख तो तस्वीर उतनी स्याह नही रहती। यदि देश के बच्चों को टीके की सुविधा सामान्य रुप से मिलने लगे तो इससे बच्ची की मृत्युदर में कमी होगी। मृत्यु दर में कमी का अर्थ है कि माता पिता में बच्चों के भविष्य के प्रति विश्वास जागेगा और जन्मदर घटेगी, जन्मदर घटने के साथ वे बहुत सी बुनियादी सुविधाएं लोगों को मुहैया होने लगेगी जो अब तक उपलब्ध नहीं हैं। यह बातें जितनी संभव लगते हैं उतनी है नहीं एक वैज्ञानिक सत्य है की तरक्की का एक सीधा असर यह होता है की जनसंख्या पर अपने आप नियंत्रण हो जाता है। इसे वैज्ञानिक डेमोग्राफिक ट्रांजिशन कहते हैं। यदि टीकाकरण और सामान्य स्वस्थ लोगों तक पहुंचाने की कोशिश में यदि इस डेमोग्राफिक ट्रांजिशन की स्थिति में पहुंचते हैं तो एक बड़ा कदम होगा। सर्दी के अंत तक सबके लिए स्वास्थ्य की मुहीम हमारे देश में चलाई जा रही है।

बिहार : माय-बाप समीकरण की ठाठ

प्रो. नवल किशोर

किसी भी राजनीतिक दल के उदय, स्थापना और विस्तार में जन समर्थन ही मुख्य तत्व है। प्रायः चुनावी दंगल में किसी भी दल को हासिल जनादेश को तीन खंड में देखने की कोशिश की जाती है जिसे कोर वोट, समर्थन वोट और तिरती वोट की संज्ञा दी गई है। इन तीनों में कोर वोट किसी भी दल की रीढ़ होती है। इसका टूटना मतलब उस दल का पतन। बाकी दोनों प्रकार के वोटों का ऊपर-नीचे होना स्वाभाविक है क्योंकि वह समसामयिक मुद्दों और अभियान पर निर्भर करता है।

राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना 25 जुलाई 1997 को हुई जो लालू प्रसाद के लिए एक विपरीत कालखंड में हुआ करता था। एक तरफ वह अपनी लोकप्रियता की पराकाष्ठा पर थे वहीं दूसरी तरफ पशुपालन घोटाले के आरोप में उनकी राजनीतिक जीवन बिल्कुल संक्रमण काल से गुजर रही थी। ऐसी परिस्थिति में उन्होंने दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक फैसले लिए थे। पहला, जनता दल से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की गठन की घोषणा करना और दूसरी अपनी गिरफ्तारी से पूर्व राज्य सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को अंतिम रूप देकर राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाना। उनके नेतृत्व में राजद की सरकार लगभग आठ साल (1997-2005) तक रही थी।

उन्नीस सौ नब्बे के दशक में लालू प्रसाद यादव अपनी चुनावी सभाओं में कहा करते थे कि जब तक 'माय' का आशीर्वाद रहेगा तब तक कोई माई का लाल उन्हें सत्ता से बेदखल नहीं कर सकता। उन्होंने जेपी आंदोलन (1974), जनता पार्टी (1977) और जनता दल (1989) के रास्ते बिहार की राजनीति में करिश्माई नेतृत्व, स्वीकार्यता और लोकप्रियता अर्जित की। फिर एक खास परिस्थिति में राजद (1997) का गठन किया। यह उनके सक्रिय राजनीतिक हस्तक्षेप से अर्जित आत्मविश्वास की एक झलक थी। उसी दौर में केंद्र-राज्य के मद्देनजर झटकते हुए उन्होंने एलान किया कि वे घुटनना टेक नहीं बल्कि सीनातान मुख्यमंत्री हैं। इस प्रकार उनके नेतृत्व उभार से स्थापित होने में स्पष्टवादिता एक रोचक पक्ष रही है।

उनकी भूमिका मंडल आयोग रिपोर्ट को लागू कराना हो या आडवाणी को गिरफ्तार कर बिहार में रथयात्रा से संभावित दंगों को रोकने में हो, दोनों परिघटनाओं ने लालू प्रसाद यादव को पिछड़ों-अकलियतों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया था। अपनी करिश्माई एवं जनवादी नीतियों के मद्देनजर वे समाजवाद, सामाजिक न्याय और सौहार्द के मुखर प्रवक्ता बन चुके थे। अपनी वाकपटुता और जन-संपर्क से राष्ट्रीय राजनीति में भी वे सदैव अग्रणी भूमिका में रहते थे। लगभग एक दशक (2005-15) तक विपक्ष में रहने के बाद जब राजद सत्ता में वापस राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने संघ प्रमुख मोहन भागवत आरक्षण समीक्षा की बात को चुनाव प्रचार में भाजपा विरोध अस्त्र बनाने सफल रहे। परिणामस्वरूप भाजपा को करारी शिकस्त मिली।

राजद सबसे बड़े दल रूप में जीत हासिल की और तेजस्वी प्रसाद यादव विधायक दल के नेता निर्वाचित हुए। महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री भी बने। लालू प्रसाद यादव की अनुपस्थिति उन्होंने एनडीए के खिलाफ बिहार विधानसभा (2020) चुनाव पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई और कारवाई को अभियान का मुख्य बिंदु बनाने में सफल रहे। लगभग सत्रह महीने के कार्यकाल में नौकरी, जाति गणना और आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी को तय करने में तेजस्वी ने अहम भूमिका निभाया। जनवरी 2024 में नीतीश कुमार ने एक बार फिर महागठबंधन से नाता तोड़ा और राजद सरकार से बाहर हुए, लेकिन अल्पकालिक कार्यकाल में पांच लाख नौकरी देने के मुद्दे पर सभी जातियों के युवाओं के बीच तेजस्वी की स्वीकार्यता ज्यादा बढ़ती दिखी। उन्होंने कहा कि राजद सिर्फ माय की पार्टी नहीं बल्कि बाप (बीएएपी) की भी पार्टी है, जिसका तात्पर्य बहुजन, अगड़ा, आधी आबादी (महिला) और पुअर (गरीब) है। मूल आशय था कि यह पार्टी सभी जाति/धर्म के सदस्यों के लिए एक समान है।

अपने सीमित कार्यकाल में दिए पांच लाख नौकरी की चर्चा 'एनडीए के सत्रह साल बनाम सत्रह महीने' को सक्रिय अभियान का हिस्सा बनाया। दरअसल 'ए टू जेड' की राजनीति से तेजस्वी प्रसाद ने समाज के सभी धर्म/वर्ग/जातियों को जोड़ने की शुरूआत की है। इटली के सुविख्यात राजनीतिक विचारक निकोलो मैकियावेली ने की उक्ति यहां समुचित प्रतीत होता है -'प्रत्येक राजनेता अपने समय-देशकाल का शिशु होता है। उसके समक्ष अपनी प्राथमिकताएं एवं चुनौतियां होती हैं।' दूसरे शब्दों में, कहा जा सकता है कि लालू प्रसाद यादव के 'माय' समीकरण की राजनीति आज व्यापक फलक को प्राप्त करता हुआ 'बीएएप' अर्थात समावेशी एवं समदर्शी राजनीति को प्राप्त कर चुका है। यह बिहार जैसे विविधतासम्पन्न राजनीतिक प्रदेश के लिए मील का पत्थर सरीखा उपलब्धि है। इससे समाज के प्रत्येक तबके का सतत एवं सामंजस्यपूर्ण विकास संभव हो सकेगा।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Concerns abound over social media data collection

A bipartisan Bill that would force Chinese tech giant ByteDance, the parent company of TikTok, to sell the social media app or face a ban for all US devices was approved by the US House in March, reflecting the growing multidimensional unease that US lawmakers feel about Big Tech. While President Biden said he would sign the proposed legislation to ban TikTok if the Congress passed it, it's uncertain what will happen to the Bill in the Senate, and its ramifications are neither simple nor straightforward.With nearly 170 million TikTok users in the US, a ban on the app will undoubtedly hurt millions of businesses, deny artistes a platform and ruin the livelihoods of countless creators across the country. Furthermore, as Donald Trump anticipates, it will undoubtedly increase Facebook's dominance. However, national security (or at least a concern on that count) is much more important.

In 2020, then President Trump moved to outlaw TikTok and another popular app, WeChat; later, President Biden reversed that decision. Governments in various countries have banned TikTok on official devices due to concerns about cybersecurity and privacy, perhaps primarily for its Chinese connections. For instance, due to privacy and security concerns, India banned TikTok and dozens of other Chinese apps, including WeChat, in 2020. Several other countries have also enforced a ban on TikTok.

In March 2023, Shou Zi Chew, TikTok's CEO, gave testimony before a US congressional committee. Security experts believe that the US government's current concerns seem to be based primarily on the 'potential' for TikTok to be used for foreign intelligence. US lawmakers continue to perceive that TikTok poses a serious threat to national security because of its ties to China. Secretary of State Antony Blinken has said that TikTok should be "ended one way or another."

Working with a privacy researcher, The Washington Post came to the conclusion in 2020 that TikTok didn't seem to gather any more data than the average major social media platform. A 2022 study by the mobile marketing company URL Genius, however, found that out of all social media apps, consumers' personal data was tracked more by YouTube and TikTok.

